


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल
वर्ष- 13, अंक - 205 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, शुक्रवार 13 मई 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-







छत्तीसगढ़ के गांवों पर अब 'आप' की नजर

## संगठन को मजबूत करने मोहल्लों में जनसंवाद, एक माह चलेगा अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मिशन-2023 की शुरुआत हो गई है। राजनीतिक पार्टियां सियासी जमीन मजबूत करने में जुटी है। सीएम भूपेश बघेल 90 विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर सरकार के कामकाज की समीक्षा कर रहे हैं। प्रदेश भाजपा की दिल्ली में बैठक हुई, जिसके बाद बूथों तक नेता पहुंच रहे हैं। वहीं आम आदमी पार्टी 'आप' भी संगठन को मजबूत करने व भाजपा-कांग्रेस की उम्मीदों पर झाड़ू चलाने की रणनीति पर काम कर रही है। प्रदेश के 90 विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद 'आप' अब हर गांव में 20-20 लोगों को जोड़ने जा रही है। एक माह तक यह अभियान चलेगा।

बता दें कि प्रदेश चुनाव प्रभारी गोपाल राय और प्रदेश प्रभारी संजीव झा पिछले महीने छत्तीसगढ़ दौरे पर आए थे। रायपुर और बिलासपुर क्षेत्रों में रैली व सभाएं की थी। आप के नेताओं ने इस दौरान भूपेश बघेल सरकार पर जमकर हमला बोला था। आप नेताओं ने कहा



कि प्रदेश में 15 साल डॉ. रमन सिंह की सरकार रही। अभी कांग्रेस पार्टी की भूपेश बघेल सरकार है। दोनों ही पार्टियों ने जनता से छल किया है। आप नेताओं ने 2023 के विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर लड़ने का ऐलान किया है। विधानसभा सम्मेलनों के बहाने पार्टी का विस्तार हुआ। अब गांव-गांव तक संगठन को पहुंचाने की तैयारी है। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा में टीम बनाई गई है। यह टीम 25 मई से 25 जून तक मोहल्लों में जाकर जनसंवाद करेगी और लोगों को पार्टी से जोड़ेगी।

### आप का दावा- भाजपा व कांग्रेस से लोग ऊब चुके

दिल्ली के बाद पंजाब में ऐतिहासिक जीत के बाद 'आप' की नजर छत्तीसगढ़ पर है। 'आप' पार्टी राज्य में झाड़ू चलाने को बेकरार है। विधानसभा चुनाव को अभी डेढ़ साल का वक्त बचा है, लेकिन 'आप' ने छत्तीसगढ़ में सियासी जमीन तैयार करनी शुरू कर दी है। आप के नेता लगातार छत्तीसगढ़ का दौरा कर रहे हैं। प्रदेश प्रभारी संजीव झा, राज्यसभा सांसद संदीप पाठक, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री गोपाल राय, दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़लान छत्तीसगढ़ दौरे पर आ चुकी हैं। सभी ने अपने दौरे के दौरान मीडिया से कहा था कि भाजपा-कांग्रेस से लोग अब ऊब चुके हैं।

### 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का प्लान

छत्तीसगढ़ गठन के बाद प्रदेश में चुनावी मुकाबले दोतरफा रहे हैं। 'आप' इसे बदलने की तैयारियों में जुट गई है। पंजाब विधानसभा चुनाव में मिली जीत के बाद छत्तीसगढ़ में आप के नेताओं का तेजी से दौरा शुरू हुआ। इस दौरान उन्होंने ऐलान भी कर दिया है कि पार्टी यहां सभी 90 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़ा करेगी। पार्टी के नेताओं का अभी संगठन विस्तार पर पूरा फोकस है। पार्टी की रणनीति इस बात पर आधारित है कि राज्य के लोग कांग्रेस और भाजपा से ऊब चुके हैं। उन्हें तीसरे विकल्प की तलाश है और आम आदमी पार्टी यह कमी पूरी करेगी।

राज्यसभा चुनाव का एलान

## 15 राज्यों की खाली हुई 57 सीटों पर होगी वोटिंग



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा की 57 सीटों के लिए चुनाव की तारीख का एलान कर दिया गया है। इसके लिए 15 राज्यों की 57 राज्यसभा सीटों पर 10 जून को चुनाव कराए जाएंगे। चुनाव आयोग ने गुरुवार को बताया कि जून और अगस्त के बीच राज्यसभा के कई नेताओं का कार्यकाल पूरा हो रहा है।

राज्यसभा में जिन नेताओं का कार्यकाल खत्म हो रहा है, उनमें केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, कांग्रेस नेता अंबिका सोनी, जयराम रमेश, कपिल सिब्बल और बसपा नेता सतीश चंद्र मिश्रा शामिल हैं। इन सभी का कार्यकाल 21 जून से 1 अगस्त के बीच समाप्त हो रहा है।

### अधिसूचना 24 मई को जारी होगी

मतदान की अधिसूचना 24 मई को जारी की जाएगी और मतदान 10 जून को होगा। मौजूदा परंपरा के मुताबिक, मतदान समाप्त होने के एक घंटे बाद मतगणना होगी। निर्वाचित होने वाले अधिकांश नए सदस्यों के जुलाई में किसी समय होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने की संभावना है।

### निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर लड़ूंगा राज्यसभा चुनावः संभाजीराजे

राज्यसभा के पूर्व सदस्य संभाजीराजे छत्रपति ने घोषणा की कि वह संसद के उच्च सदन का अगला चुनाव निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर लड़ेंगे। उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान नए संगठन 'स्वराज' की स्थापना की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्यसभा के लिए मनोनीत किए जाने के बाद अपने छह साल के कार्यकाल के दौरान मैंने समाज के लिए जो काम किया है, उसे देखते हुए मैं फिर से राज्यसभा सदस्य बनने का हकदार हूं और मुझे यकीन है कि मुझे समर्थन मिलेगा।

### कहां से कितनी सीटें होंगी खाली

उत्तर प्रदेश में 11 सीटें खाली हो रही हैं। वहीं, तमिलनाडु-महाराष्ट्र से छह-छह, बिहार से पांच, आंध्र प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक से चार-चार सदस्यों का कार्यकाल की अवधि पूरी हो रही है। मध्य प्रदेश-ओडिशा से तीन-तीन, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, पंजाब, झारखंड और हरियाणा से दो-दो और उत्तराखंड से एक सदस्य का कार्यकाल पूरा हो रहा है।

### खास खबर

#### सुको ने सर्वे पर रोक लगाने से किया साफ इनकार कहा- पहले फाइल तो देख लें...

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वाराणसी ज्ञानवापी मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। याचिका में वाराणसी कोर्ट के आदेश पर रोक की मांग की गई है। याचिका अंजुमन ए इंतेजामिया मस्जिद वाराणसी की प्रबंधन समिति की तरफ से लगाई गई है। याचिकाकर्ता के वकील हुजेफा अहमदी ने इसे प्लेसेस ऑफ वरशिप एक्ट के खिलाफ बताया और सुप्रीम कोर्ट से तुरंत सुनवाई की मांग की। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि तुरंत कोई आदेश नहीं दे सकते। फाइल देखने के बाद ही सुनवाई पर निर्णय लिया जाएगा। याचिकाकर्ता के वकील अहमदी ने कहा, 'हमने उस सर्वेक्षण को लेकर याचिका दायर की है, जिसका वाराणसी स्थित संपत्ति के संबंध में किए जाने के लिए निर्देश दिया गया है। यह (ज्ञानवापी) पुरातन काल से मस्जिद है और यह (सर्वेक्षण) पूजा स्थल अधिनियम के तहत स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित है।' उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण करने का निर्देश पारित किया गया है और इस समय यथास्थिति बनाए रखने का आदेश पारित किया जाए। इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'मुझे कोई जानकारी नहीं है। मैं ऐसा आदेश कैसे पारित कर सकता हूं? मैं पढ़ूंगा। मुझे विचार करने दीजिए।' गुरुवार को वाराणसी कोर्ट ने परिसर के तहखाने तक वीडियोग्राफी व सर्वे कराने संबंधी आवेदन को अदालत ने स्वीकार कर लिया है। पुलिस आयुक्त व जिलाधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करते हुए अदालत ने आदेश दिया है कि कि ताला खोलकर या तोड़कर जैसे भी हो, पूरे परिसर के सर्वे की कार्यवाही पूरी करवाएं।

## नियमितीकरण की मांग को लेकर 45 हजार संविदा कर्मियों का हड़ताल, बघेल सरकार पर वादे पूरे न करने का लगाया आरोप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में संविदा पर काम करने वाले कर्मचारी आईएएस अफसरों की कार्यप्रणाली से परेशान हैं। इन संविदाकर्मियों ने इसके विरोध में हड़ताल पर जाने का निश्चय किया है। जानकारी के मुताबिक, ये सभी कर्मी राज्य के सरकारी विभागों में संविदा पर काम करते हैं। 13 मई को प्रदेश भर के संविदाकर्मियों ने काम बंद करने का फैसला किया है। ये सभी कर्मचारी राजधानी रायपुर में इकट्ठे होकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। संविदा कर्मचारी संगठन ने राज्य के सभी कर्मचारियों से इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का आग्रह किया है। ये सभी कर्मी अपने नियमितीकरण की मांग कर रहे हैं।

गौरतलब है कि सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष कौशलेश तिवारी के मुताबिक, प्रदेश के 54 सरकारी विभागों में करीब 45 हजार




संविदाकर्मी तैनात हैं। शुक्रवार को ये सभी 45 हजार कर्मचारी हड़ताल करेंगे। प्रदेश भर से बड़ी संख्या में संविदा कर्मचारी राजधानी रायपुर के बूढ़ातालाब स्थित धरना स्थल पर पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे।

संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष कौशलेश तिवारी ने कहा कि भूपेश बघेल को सत्ता में आए चार साल होने वाले हैं, लेकिन उनके किये वादे अब तक पूरे नहीं हुए हैं। जब वो सत्ता में आए थे तब उन्होंने कहा था कि सभी संविदाकर्मियों को नियमित किया जाएगा, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ है। इसको लेकर राज्य के सभी विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों में नारागजी है। उनकी मांगों को कहीं सुना नहीं जा रहा है, वे मजबूर होकर आंदोलन करने पर मजबूर हैं।

### साल 2018 में किया था वादा

महासंघ से जुड़े पदाधिकारी हेमंत सिन्हा ने अपना विरोध जताते हुए कहा कि साल 2018 में सरकार ने वादा किया था कि संविदाकर्मिचारियों को नियमित कर दिया जाएगा। इसके बाद जब सरकार ने इसको लेकर कुछ नहीं किया तो कई बार विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके बाद अफसरों ने 2019 में नियमित करने को लेकर कमेटी बना दी। तबसे लेकर अब तक हर साल बस कमेटी बना दी जाती है, होता कुछ नहीं। उन्होंने कहा कि इस बार हमारी मांग है कि अब तक की सारी कमेटियों की सिफारिश रिपोर्ट सार्वजनिक करते हुए हम सबको नियमित किया जाए।

## कांग्रेस में 'एक परिवार, एक टिकट' नियम पर बनी सहमति, गांधी परिवार को 'विशेष छूट'

**उदयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान के उदयपुर में तीन दिवसीय विचार-मंथन सत्र से पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने कहा कि पार्टी 'एक परिवार, एक टिकट के नियम' पर पूरी तरह से एकमत है। उन्होंने कहा कि इस चिंतन शिविर के बाद पार्टी में बड़े संगठनात्मक बदलाव किए जाएंगे। अजय माकन ने कहा कि कांग्रेस में ''एक परिवार, एक टिकट'' के प्रस्ताव पर पूरी तरह से सहमति है और परिवार के दूसरे सदस्य को कम से कम पांच साल तक संगठन में काम करने पर टिकट मिलेगा।



माकन ने कहा, इस प्रस्ताव पर पैनल के सदस्यों के बीच लगभग पूरी तरह से एकमत सहमति है कि पार्टी के नेता अपने परिवार और रिश्तेदारों को टिकट नहीं देंगे। पार्टी नेता यह सुनिश्चित करेंगे कि परिवार या रिश्तेदारों को पार्टी में बिना किसी काम के टिकट न दें, उन्हें टिकट दिए जाने से पहले पार्टी में कम से कम 5 साल तक काम करना होगा।

एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, यहां तक कि अगर चिंतन शिवर में 'एक परिवार, एक टिकट' नियम को मंजूरी दे दी जाती है, तो शायद ही यह नियम गांधी परिवार पर लागू हो। नेताओं का कहना है कि कांग्रेस सांप्रदायिक ध्रुवीकरण पर चर्चा की योजना बना रही है और राज्य के चुनावों और 2024 के राष्ट्रीय चुनाव की तैयारी कर रही है।

## गांव वालों की बेहतरी के लिए सीआरपीएफ ने की पुल बनवाने की जिद, नक्सली भी आईईडी लगाने से नहीं आ रहे बाज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ ने छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले बीजापुर में एक जिद की है। बल की 165वीं बटालियन के जांबाज उस जिद को पूरा भी कर रहे हैं। ये जिद थाना नेलसनार के अंतर्गत इंद्रावती नदी पर बन रहे पुल को लेकर है। नक्सलियों ने इस पुल का निर्माण कार्य बाधित करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। पुल के भूमि पूजन से लेकर अब तक वहां दर्जनों 'इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' आईईडी' मिल चुकी हैं। नक्सलियों द्वारा मजदूरों पर हमला कर दिया जाता है। उपकरणों को नष्ट करने का



प्रयास होता है। इन सबके बावजूद सीआरपीएफ ने 640 मीटर लंबे पुल का 50 फीसदी निर्माण कार्य पूरा करा दिया है। गुरुवार को भी नक्सलियों ने पुल का काम बाधित करने के मकसद से पांच किलोग्राम की एक आईईडी लगा दी थी, जिसे सीआरपीएफ ने बीजापुर पुलिस के सहयोग से निष्क्रिय कर दिया।

### मजदूरों पर किया था हमला

सूत्रों के अनुसार, दिसंबर 2020 में इस पुल का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। उसके बाद से लेकर अब तक नक्सली कई हमले कर चुके हैं। कभी तो वे प्रेशर आईईडी लगा देते हैं तो कभी एंटी हैंडलिंग आईईडी का इस्तेमाल करते हैं। उनका मकसद, किसी भी तरह से पुल के निर्माण कार्य को बाधित करना है। उन्हें मालूम है कि इस पुल के बनने से आसपास के लोगों के लिए विकास की एक नई राह खुल जाएगी। बेहतर कनेक्टिविटी मिल जाएगी। जब इस पुल का भूमि पूजन हो रहा था तो उस वक्त सीआरपीएफ व बीजापुर पुलिस ने चार आईईडी बरामद की थीं। नक्सलियों ने पुल के निर्माण कार्य में लगे मजदूरों पर हमला किया है।

### सड़क निर्माण से नक्सली बौखलाए

जिला बीजापुर के थाना नेलसनार के अंतर्गत इंद्रावती नदी पर एक पुल का निर्माण किया जा रहा है। इस पुल के बनने से आसपास के सैंकड़ों गांवों के लोगों को फायदा होगा। निकटवर्ती शहर या कस्बों में जाने के लिए लंबा चक्कर नहीं काटना पड़ेगा। इंद्रावती नदी के उत्तर में अबूझमाड़ का इलाका पड़ता है। इसे माओवादियों का गढ़ कहा जाता है। दक्षिण में सीआरपीएफ की 165वीं बटालियन का कैंप 'पुंडरी' है। इस पुल के बनने के बाद भैरमगढ़ को सीधे नारायणपुर से जोड़ा जा सकेगा। बाढ़ आने के बाद यहां के गांव मुख्य मार्ग से कट जाते थे। पुल बनने से उन्हें बहुत फायदा होगा। हालांकि इस सड़क के निर्माण से नक्सली बुरी तरह से बौखलाए हुए हैं।

## रायपुर हवाई अड्डे पर हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त दो पायलटों की मौत, सीएम बघेल ने जताया दुख

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर हवाई अड्डे पर गुरुवार को एक प्रशिक्षण हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को रामकृष्ण अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद पुलिस के हवाले से जानकारी दी गई कि हादसे में घायल दोनों पायलटों की मौत हो गई है। दुर्घटना की वजह का अब तक खुलासा नहीं हो सका है।

मामले में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर दुख जताया। उन्होंने कहा कि अभी रायपुर में एयरपोर्ट पर स्टेट हेलीकॉप्टर के क्रैश होने की दुखद सूचना मिली। इस दुखद हादसे में हमारे दोनों पायलट कैप्टन पांडा और कैप्टन श्रीवास्तव का दुखद निधन हो गया है। इस दुख की घड़ी में ईश्वर उनके परिवारजनों को संबल एवं दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे।



### छत्तीसगढ़ सरकार ने जारी किया बयान

छत्तीसगढ़ सरकार ने बयान जारी कर बताया कि एक राजकीय हेलीकॉप्टर गुरुवार रात करीब 9.10 बजे रायपुर के स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था। शुरुआती संकेत तकनीकी खराबी को दुर्घटना का कारण बताते हैं। दुर्घटना के बाद कैप्टन गोपाल कृष्ण पांडा और कैप्टन एपी श्रीवास्तव की दुर्भाग्य से मौत हो गई। सटीक कारण का पता लगाने के लिए डीजीसीए और राज्य सरकार के आदेश पर विस्तृत तकनीकी जांच की जाएगी।

### अगस्ता वेस्टलैंड कंपनी इस चॉपर

बता दें जो हेलीकाप्टर क्रैस हुआ है वह अगस्ता वेस्टलैंड कंपनी का है। कंपनी इसे एक बेहतर हेलिकॉप्टर बताती रही है। कंपनी का कहना है कि इस हेलीकाप्टर को ऐसे क्षेत्रों में पहुंचने के लिए बनाया गया है जहां पहुंचना कठिन होता है। यह हेलिकॉप्टर 310 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से लगभग 10,000 फीट की ऊंचाई पर उड़ने की क्षमता रखता है। इस हेलिकॉप्टर में दो टरबाइन इंजन, ऑटो पायलट, बेहतर लैंडिंग सिस्टम, नेविगेशन, मौसम रडार सिस्टम जैसी सुविधाएं मौजूद थी। इसके बाद भी हेलीकाप्टर क्रैस हो गया।



## संपादकीय

# राजद्रोह पर पुनर्विचार

सुप्रीम कोर्ट ने कम–से–कम फ़िलहाल के लिए तो देश को राजद्रोह कानून से मुक्ति दे दी है। बुधवार को दिए गए अदालत के अंतरिम आदेश के बाद भारतीय दंड संहिता की धारा 124–ए के तहत तब तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं हो सकेगा, जब तक सरकार इस कानून की समीक्षा करने के बाद अपना रुख साफनहीं कर देती। यहां तक कि इस धारा के तहत जो मामले अदालतों में चल रहे हैं, उनकी कार्यवाही भी रोक दी जाएगी। उन मुकदमों के तहत गिरफ्तार किए गए लोग अब राहत के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटा सकते हैं। इसका एक अर्थ यह भी है कि उन्हें जमानत मिलने की संभावना बन सकती है। अभी यह अंतरिम फैसला है और अंतिम निर्णय इस बात पर निर्भर करेगा कि केंद्र सरकार अपने वादे के हिसाब से इस डेढ़ सदी पुराने कानून पर पुनर्विचार और उसकी पुनर्समीक्षा के बाद क्या तय करती है।

> “ यह ऐसा काम है, जो बहुत पहले ही हो जाना चाहिए था। यह समय हर स्तर पर सरकार से शालीनता और न्यायप्रियता की उम्मीद करता है। शासन और प्रशासन को पहले की तुलना में ज्यादा लोकतांत्रिक और पारदर्शी बनना ही होगा।

सोमवार को ही सरकार ने अदालत को यह सूचना दी थी कि इस कानून पर पुनर्विचार और पुनर्समीक्षा के लिए वह तैयार है। अदालत को यह भी बताया गया था कि मौजूदा सरकार पिछले आठ साल में उन डेढ़ हजार पुराने कानूनों को खत्म कर चुकी है, जो बेमतलब हो चुके थे। अदालत में अचानक ही रखे गए केंद्र के इस रुख ने सभी को हैरत में डाल दिया था। जबकि ठीक इससे पिछली सुनवाई में केंद्र सरकार की ओर से यह तो स्वीकार किया गया था कि इस कानून का दुरुपयोग हो रहा है, लेकिन यह भी कहा गया था कि किसी कानून को महज इसीलिए नहीं हटाया जा सकता कि उसका दुरुपयोग होता है। सोमवार को सरकार का यह रुख सामने आने के बाद सभी ने इसका स्वागत किया था, लेकिन इस मामले की एक वादी और तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने यह आशंका भी जाहिर की थी कि सरकार इस वादे के बहाने समय बिताने की कोशिश कर रही है। लेकिन अब शीर्ष अदालत ने यह रास्ता भी बंद कर दिया है। अदालत के इस अंतरिम आदेश के बाद अब सरकार पर यह दबाव बनेगा कि उसे जो भी फैसला करना है, जल्द ही एक तय समय सीमा के भीतर करना होगा। देश की सर्वोच्च अदालत ने इसे टालने की गुंजाइश समाप्त कर दी है। पिछले कुछ समय में केंद्र सरकार ने ऐसे मामलों में उदारता बरतने के जो संकेत दिए हैं, यहां उनका जिक्र भी जरूरी है। खासतौर पर सरकार ने जिस तरह से आर्म्ड फोर्सेस स्पेशल पॉवर्स ऐक्ट का दायरा सीमित किया है और इसे पूर्वोत्तर भारत से पूरी तरह हटाने का वादा किया है, उससे काफी उम्मीद बंधती है। राजद्रोह कानून के मामले में सरकार के पास कई विकल्प हैं। वह इसे पूरी तरह हटा भी सकती है और इसे जमानती अपराध बनाते हुए कानून को कई तरह से उदार भी बना सकती है। एक और बात जो सरकार शुरू से ही सुप्रीम कोर्ट में कह रही है, वह ऐसे प्रावधान बनाने की है, जिससे इस कानून के दुरुपयोग पर रोक लग सके। लेकिन यह प्रावधान सिर्फ राजद्रोह कानून के लिए ही क्यों होना चाहिए? अलबत्ता, ऐसे प्रावधान होने चाहिए कि किसी भी कानून का दुरुपयोग न हो सके। बल्कि, इसके आगे जाकर किसी भी कानून का दुरुपयोग करने वालों को दंडित करने की व्यवस्था भी होनी चाहिए। यह ऐसा काम है, जो बहुत पहले ही हो जाना चाहिए था। यह समय हर स्तर पर सरकार से शालीनता और न्यायप्रियता की उम्मीद करता है। शासन और प्रशासन को पहले की तुलना में ज्यादा लोकतांत्रिक और पारदर्शी बनना ही होगा।

# चिंतन शिविर या चिंता-शिविर?

उदयपुर में कांग्रेस का चिंतन–शिविर आयोजित किया जा रहा है। सबसे आश्चर्य तो मुझे यह जानकर हुआ कि इस जमावड़े का नाम चिंतन–शिविर रखा गया है। हमारे नेता और चिंतन! इन दो शब्दों की यह जोड़ी तो बिल्कुल बेमेल है। भला, नेताओं का चिंतन से क्या लेना–देना? छोटी–मोटी प्रांतीय पार्टियों की बात जाने दें, देश की अखिल भारतीय पार्टियों के नेताओं में चिंतनशील नेता कितने है? क्या उन्होंने गांधी, नेहरु, जयप्रकाश, लोहिया, नरेंद्रदेव की तरह कभी कोई ग्रंथ लिखा है?

अरे लिखना तो दूर, वे बताएंगे कि ऐसे चिंतनशील ग्रंथों को उन्होंने पढ़ा तक नहीं है। अरे भाई, वे इन किताबों में माथा फोड़ें या अपनी राजनीति करें? उन्हें नोट और वोट उधेड़ने से फुरसत मिले तो वे चिंतन करें। वे चिंतन शिविर नहीं, चिंता–शिविर आयोजित कर रहे हैं। उन्हें चिंता है कि उनके नोट और वोट खिसकते जा रहे हैं। इस चिंता को खत्म करना ही इस शिविर का लक्ष्य है।

**वेद प्रताप वैदिक**

> “ हमारी कोशिश रहनी चाहिए कि दूसरों के वहां पहुंचने से पहले हम वहां पहुंचें, क्योंकि हम श्रीलंका के ज्यादा करीब हैं। वैसे भी ‘पड़ोसी पहले’ की हमारी नीति है। भारत पहले भी श्रीलंका की मदद करता रहा है और आज भी संकट के समय उसके साथ खड़ा है। चीन ऐसे समय में श्रीलंका की मदद कर सकता है और उसने चर्चा की भी है। लेकिन अभी हम मदद करने में सबसे आगे हैं और हमें होना भी चाहिए।

# श्रीलंका में आम लोगों के साथ खड़ा भारत

स्मृति पटनायक, रिसर्च फेलो, आईडीएसए

अफसोस, श्रीलंका में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच एक तरह से खूनी संघर्ष–सा छिड़ गया है। वहां दो दिन पहले आपातकाल लगाना पड़ा है। वैसे तो आपातकाल पहले भी लागू हुआ था, लेकिन वह कुछ समय के लिए था, अब जो आपातकाल लगा है, वह अनिश्चितकाल के लिए है। पहले जो आपातकाल लगा था कि उसकी पालना कड़ाई से नहीं हुई थी, जबकि अब आपातकाल का असर सड़कों पर भी दिखने लगा है। सरकार का कहना है कि लोगों की सुरक्षा और देश में शांति के लिए आपातकाल लगाया गया है, जबकि असल में आपातकाल इसलिए लगाया गया है, ताकि लोग सड़कों पर आकर प्रदर्शन न कर सकें। हमारे इस पड़ोसी देश में गुस्सा इस कदर है कि सरकार के विरोधी पाबंदियों को मानने के लिए कतई तैयार नहीं हैं। राष्ट्रपति बार–बार शांति बनाए रखने की अपील कर रहे हैं। सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों को सीधे गोली मार देने के आदेश दे दिए गए हैं।

ध्यान रहे, हिंसा तब और तेज हो गई, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे से मिलकर लौटे उनकी पार्टी के लोगों ने बाहर आकर विरोधी प्रदर्शनकारियों के साथ मारपीट शुरू की दी। सत्ताधारी पार्टी और विपक्ष के बीच हिंसा बढ़ गई। दोनों पक्ष से यह बयानबाजी भी हुई है कि ऐसा नहीं होना चाहिए, लेकिन ये बयान दिखाने के लिए हैं। प्रधानमंत्री का जो इस्तीफा हुआ है, वह भी लोगों के गुस्से को शांत करने के लिए हुआ है। मंत्रिमंडल को भी इस्तीफा देना पड़ा है। राजपक्षे परिवार के अनेक लोग मंत्रिमंडल में थे, उन सभी का इस्तीफा हुआ है। कुछ रिश्तेदारों के विदेश चले जाने की भी खबर आई है। श्रीलंकाई राजनीति के दिग्गज नेता महिंदा राजपक्षे का बेशक प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा हो गया है, लेकिन उनके छोटे भाई गोटबाया राजपक्षे राष्ट्रपति के रूप में पदासीन हैं। श्रीलंका में पैदा संकट की वजह से वह बहुत हद तक अपनी लोकप्रियता गंवा चुके हैं। राजपक्षे परिवार के सत्ताधारी सदस्य पहले अड़े हुए थे, पर अब उनके इस्तीफे वास्तव में गुस्से को कम करने की दिशा में मामूली प्रयास भर हैं। यहां यह जरूर कहना चाहिए कि ताजा हिंसा अगर नहीं होती, तो ये इस्तीफे भी नहीं होते। कुछ नेताओं और लोगों की मौत हुई है। अब कोशिश तो यही होनी चाहिए कि वहां और हिंसा न हो। देश कोई भी हो, अगर किसी विरोध–प्रदर्शन के खिलाफ सत्ताधारी नेता उग्रता दिखाते हैं, तो हिंसा होती ही है।

खास बात यह है कि पहले श्रीलंका में जो प्रदर्शन चल रहे थे, उनमें केवल आम लोग शामिल हो रहे थे, लेकिन अब श्रमिक संगठन भी इसमें उतर आए हैं। प्रदर्शन की बागडोर विभिन्न संस्थाओं और संगठनों के हाथों में जाने लगी है। यह बदलाव श्रीलंका में बड़ी अस्थिरता का कारण बन सकता है।



मिसाल के लिए, दो दिन पहले श्रीलंका मेडिकल एसोसिएशन ने सरकार से अपील की है कि कृपया, आप वैसा ही कीजिए, जैसा लोग चाहते हैं। हिंसा नहीं होनी चाहिए, वरना देश में अस्थिरता बढ़ जाएगी। स्वाभाविक है कि प्रदर्शनों में अगर हिंसा होगी, तो श्रीलंका की स्वास्थ्य सेवाओं पर भी दबाव बढ़ेगा। अब भी श्रीलंका की चिकित्सा व्यवस्था बहुत दबाव में है।

श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार गिरकर पांच करोड़ डॉलर पर पहुंच गया है। श्रीलंका अभी इस स्थिति में नहीं है कि चिकित्सा उपकरणों, दवाओं का आयात कर सके। अभी श्रीलंका में खाद्य पदार्थों का आयात ज्यादा जरूरी है। इसलिए चिकित्सा संगठन ने गुहार लगाई है कि हिंसा की तरफ न जाएं, ज्यादा हिंसा होगी, तो संभालना मुश्किल हो जाएगा। अभी भी जो हिंसा हो रही है, उनमें दर्जनों लोग घायल हो रहे हैं और अस्पतालों पर दबाव बढ़ रहा है। सरकार भी यही चाहती है कि हिंसा न हो, इसीलिए आपातकाल की घोषणा की गई है। इसके जरिये कोशिश यही है कि देश में अनिवार्य सेवाओं पर असर न पड़े, सामान्य जनजीवन अस्त–व्यस्त न हो। सरकार का नियंत्रण बना रहे।

वहां राष्ट्रीय सरकार, मतलब सभी पार्टियों की मिली–जुली सरकार बनाने की चर्चा चल रही है, लेकिन यह कैसे होगा? इसके लिए विपक्षी दल तैयार नहीं हैं। वे अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए हैं, लेकिन अब इसकी जरूरत इसलिए भी नहीं रह गई है, क्योंकि महिंदा राजपक्षे ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। श्रीलंका में वैसे भी राष्ट्रपति व्यवस्था है। वहां राष्ट्रपति को हटाना कतई आसान नहीं है। एक पहलू यह भी है कि श्रीलंका में बौद्ध धर्मगुरुओं का बहुत प्रभाव है, लेकिन वे अभी बंटे हुए हैं। वे भी हिंसा नहीं चाहते, क्योंकि उनकी पूरी तरह से समाज पर निर्भरता है। लोगों की मांग अब बिल्कुल स्पष्ट है कि राजपक्षे परिवार पूरी तरह से सत्ता से हटे। राष्ट्रीय सरकार बने। कुछ लोगों का कहना है कि नई सरकार कुछ समय के लिए बनाई जाए, तो कुछ लोग कह रहे हैं कि इसको बनाने से पहले राष्ट्रपति की शक्तियां घटाई जाएं। अभी संविधान के अनुसार, वहां राष्ट्रपति बहुत मजबूत हैसियत में हैं। एम सिरिसेना की सरकार के समय में श्रीलंका की संसद को मजबूत किया गया था, लेकिन गोटबाया जब राष्ट्रपति बने, तब संविधान में बदलाव कर फिर राष्ट्रपति को ज्यादा शक्तियां दे दी गईं।

बहरहाल, भारत अपनी ओर से श्रीलंका की पूरी मदद कर रहा है। मानवीय किस्म की मदद है, लगभग दो अरब डॉलर की। इसमें दवाएं और खाद्य पदार्थ और ईंधन भी शामिल हैं। भारत वहां के लोगों की मदद करने की कोशिश कर रहा है। वहां खाने–पीने के सामान नहीं हैं। ईंधन की कमी है। इसके लिए मदद जरूरी है। अभी एक सवाल यह भी पूछा जा रहा है कि वहां की सरकार इतनी अलोकप्रिय हो गई है, तो भारत को मदद क्यों करनी चाहिए? लेकिन भारत वास्तव में श्रीलंका के लोगों की मदद कर रहा है।

जरूरत के समय हमें सबसे पहले प्रतिक्रिया करनी ही चाहिए। हमारी कोशिश रहनी चाहिए कि दूसरों के वहां पहुंचने से पहले हम वहां पहुंचें, क्योंकि हम श्रीलंका के ज्यादा करीब हैं। वैसे भी ‘पड़ोसी पहले’ की हमारी नीति है। भारत पहले भी श्रीलंका की मदद करता रहा है और आज भी संकट के समय उसके साथ खड़ा है। चीन ऐसे समय में श्रीलंका की मदद कर सकता है और उसने चर्चा की भी है। लेकिन अभी हम मदद करने में सबसे आगे हैं और हमें होना भी चाहिए।

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

# गिरते रूपये को संभालने और मूल्यवान बनाने की चुनौती

ब्रजेश कुमार तिवारी, एसोशिएट प्रोफेसर, जेएनयू

किसी भी देश की अंतर्निहित ताकत उसकी मुद्रा के मूल्य से दिखाई जाती है। यदि उसकी मुद्रा अन्य मुद्राओं की तुलना में मजबूत है, तो देश को मजबूत माना जाता है। अमेरिकी डॉलर को वैश्विक मुद्रा का रुतबा हासिल है, यही वजह है कि डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत से पता चलता है कि भारतीय मुद्रा मजबूत है या कमजोर? रुपया 9 मई को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया था और एक डॉलर की कीमत 77.28 रुपये हो गई थी। साल की शुरुआत से ही रुपया डगमगा रहा है। रुपये में देखी गई यह अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है और रुपया अपने सार्वकालिक न्यूनतम स्तर पर है। आजादी के बाद से रुपया लगभग 20 गुना नीचे लुढ़का है, 1948 में एक डॉलर 4 रुपये में मिलता था। तब देश पर कोई कर्ज भी नहीं था। साल 1951 में जब पहली पंचवर्षीय योजना लागू हुई, तब सरकार ने विदेश से कर्ज लेना शुरू किया और फिर रुपये की कीमत भी लगातार कम होने लगी।

डॉलर के मुकाबले रुपया जब सस्ता होता है, तब उसका सीधा असर अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। रुपये का गिरता मूल्य महंगाई लेकर आता है। बढ़ती कीमतों से मुद्रास्फीति में तेजी आ सकती है, जो पहले से ही ज्यादा है। ऐसे में, आम आदमी की जिंदगी से लेकर कारोबारी और सरकार तक सब पर रुपये के मूल्य का असर पड़ेगा। रुपये के गिरने के पीछे ग्लोबल गतिविधियों में गिरावट, निवेशकों का सुरक्षित ग्लोबल बाजारों में पैसा लगाने का फैसला व वैश्विक राजनीति में बढ़ता तनाव प्रमुख कारण हैं। रुपये की कीमत पूरी तरह इसकी मांग और आपूर्ति पर निर्भर करती है और आयात व निर्यात का भी सीधा असर होता है।



एक देश, जो निर्यात से अधिक आयात करता है, उसकी डॉलर की मांग अधिक होती है। जैसे, भारत निर्यात से ज्यादा आयात करता है। भारत कच्चे तेल के बड़े आयातकों में एक है और लगभग 80 प्रतिशत तेल का आयात करता है। निस्संदेह, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें रुपये के मूल्य में गिरावट का बड़ा कारण हैं। विदेशी निवेशकों द्वारा निवेश में कटौती करने से देश से डॉलर का ‘आउटफ्लो’ भी बढ़ गया है। अब विदेशी निवेशक अधिक सुरक्षित अमेरिकी डॉलर और बॉण्ड में निवेश कर रहे हैं। इससे डॉलर की आपूर्ति घट गई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी लगातार कम होता जा रहा है, जो घटकर इस साल पहली बार 600 अरब डॉलर से नीचे पहुंच गया है।

हालांकि, केंद्र सरकार ने रुपये की गिरावट को थामने की हरसंभव कोशिश करने का भरोसा दिलाया है, लेकिन अब उसको ठोस और कड़े कदम उठाने होंगे। यदि सरकार तेल पर आश्रित अपनी अर्थव्यवस्था को बदलने की कोशिश करे, तो विदेशी मुद्रा भंडार का एक बहुत बड़ा हिस्सा हम आसानी से बचा सकते हैं और इसके लिए हम सभी को तेल के विकल्पों पर विचार करना चाहिए। रुपये की कीमत में गिरावट रोकने और विदेशी मुद्रा भंडार को समृद्ध बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाने होंगे। सरकार को आयात नियंत्रित करने और निर्यात बढ़ाने की दिशा में भी रणनीतिक रूप से आगे बढ़ना होगा। इसके लिए भूमि और श्रम कानूनों में सुधार करके एक सक्षम कारोबारी माहौल बनाया जा सकता है।

ग्रांट थॉर्नटन की एक रिपोर्ट के अनुसार, हमारे पास ग्रामीण भारत के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े मौके हैं। तमाम संकेत यही हैं कि गांवों पर हमें ध्यान देना होगा। गांवों को बहुत हद तक आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास होने चाहिए। गांव जब अपनी जरूरत का सामान अपने स्तर पर जुटाने लगेंगे, तो अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। अब भी कृषि या कृषि ॠण या कृषि उद्यम लगाना और चलाना आसान नहीं है। आम किसानों तक कृषि विज्ञान की पहुंच अब भी नहीं हो पा रही है। गांवों के हिस्से वाले बजट में सरकारों को कोई कटौती नहीं करनी चाहिए। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में इतनी ताकत है कि वह देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त कर सके।

साथ ही, यदि हम स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करना शुरू कर दें, तो विदेशी वस्तुओं को आयात करने का खर्च बच जाएगा। सरकार को एफडीआई भी बढ़ाने पर जोर देना होगा, जैसे–जैसे एफडीआई की आमद बढ़ेगी, रुपये का मूल्य बढ़ेगा। भारत को 2025 तक पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए कम से कम 2.5 ट्रिलियन डॉलर मूल्य की वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात करने की आवश्यकता है, क्योंकि अभी कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में निर्यात का योगदान लगभग 25 प्रतिशत है। निर्यात बढ़ाकर ही हम रुपये और देश का मूल्य बढ़ा सकेंगे। अच्छी बात है कि विगत दिनों से निर्यात बढ़ रहा है, लेकिन इसमें और तेजी लाने की जरूरत है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





दिल तुझे कैसे दूं? तेरे संग प्यार के रंग कैसे सजाऊं? सूकून नहीं जिंदगी में अभी, फिर मोहब्बत का नाम कैसे लिखूं?

**–अंजली जैन**
**7024460938**

# सोनिया की अपील कौन सुन रहा है?

अजीत द्विवेदी

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कार्य समिति की बैठक में एक बड़ी मार्मिक अपील की। उन्होंने अपने नेताओं से कहा कि ‘पार्टी हम सबके लिए अच्छी रही है और अब समय है कि इसका कर्ज चुकाया जाए’। इस तरह की मार्मिक अपील आमतौर पर कांग्रेस में नहीं की जाती है। कांग्रेस के नेता पार्टी के बारे में इस तरह से सोचते भी नहीं है। जिस तरह से भाजपा के नेता अक्सर कहते मिलते हैं कि पार्टी उनकी मां की तरह है उस तरह क्या आपने कभी किसी कांग्रेस नेता के मुंह से ऐसी बात सुनी है? कांग्रेस के नेता इस तरह की भावनाओं में नहीं बहते हैं। उनके लिए पार्टी राजनीति करने, सत्ता हासिल करने और सत्ता के मजे लेने का माध्यम है। पार्टी के प्रति इसी सोच के चलते कांग्रेस के नेता पलक झपकते अपनी निष्ठा बदल लेते हैं। इसलिए सोनिया गांधी की इस मार्मिक अपील का कोई मतलब नहीं है।

कांग्रेस नेताओं ने निश्चित रूप से इस अपील को एक कान से सुना होगा और दूसरे कान से निकाल दिया होगा और इस उधेड़बुन में लग गए होंगे कि पार्टी उन्हें क्या दे सकती है। कांग्रेस के नेताओं की पहली चिंता यह होती है कि पार्टी उन्हें क्या दे सकती है। दूसरी चिंता यह होती है कि अगर अभी तत्काल नहीं दे सकती है तो कितना इंतजार करना होगा और निकट भविष्य में कुछ मिलने की संभावना है या नहीं। तीसरी चिंता यह होती है कि अगर कांग्रेस नहीं दे सकती है तो और कहां से कुछ मिल सकता है। जो लोग राजनीति कर रहे हैं उनके लिए ऐसी सोच रखना कोई बुरी बात भी नहीं है। लेकिन कांग्रेस के मामले में बुरी बात यह है कि इसके ज्यादातर नेता सिर्फ कुछ पाने की उम्मीद में रहते हैं, पार्टी कुछ देने लायक बने इसकी चिंता बहुत कम नेताओं को होती है।

इसका मुख्य कारण यह है कि कांग्रेस पिछले कुछ दशकों में ऐसे नेताओं की पार्टी बन गई है, जिनकी एकमात्र योग्यता नेहरू–गांधी परिवार के प्रति विश्वासपात्र होना है। यह नेतृत्व की गलती है, जो उसने ऐसे नेताओं को बढ़ावा दिया, जिनकी एकमात्र योग्यता परिवार के प्रति निष्ठा थी। भाजपा में भी इन दिनों यहीं राजनीति चल रही है। पार्टी में आगे बढ़ने और पद पाने की एकमात्र योग्यता शीर्ष नेतृत्व के प्रति निष्ठा और उसका सार्वजनिक प्रदर्शन हो गया है। जब भाजपा के शीर्ष नेताओं का करिश्मा खत्म होगा तब पार्टी को इसका खामियाजा भुगतना होगा। ठीक उसी तरह जैसे नेहरू–गांधी परिवार का करिश्मा खत्म होने के बाद कांग्रेस भुगत रही है। जब तक कांग्रेस के प्रथम परिवार का करिश्मा कायम था, तब तक कांग्रेस को भी कोई दिक्कत नहीं हुई थी। तब कांग्रेस नेतृत्व मजबूत और जमीनी नेताओं को दरकिनार कर अपने कथित विश्वासपात्र नेताओं को आगे बढ़ाती रही। कांग्रेस नेतृत्व या करिश्मे की ताकत से मजबूत हुए ऐसे नेता या तो पार्टी छोड़ कर जा चुके हैं या पार्टी नेतृत्व को आंखें दिखा रहे हैं या बेचारे बन कर कुछ हासिल हो जाने की उम्मीद में पार्टी में बने हुए हैं।





स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

























# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### सियान जतन क्लीनिक से बुजुर्ग मरीज हो रहे लाभान्वित

**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में स्पेशलाइज्ड आयुर्वेद थेरेपी सेंटर बालोद और शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय दल्लीराजहरा में प्रत्येक माह के प्रथम गुरूवार को आयोजित किए जाने वाले 'सियान जतन क्लीनिक' में बुजुर्ग मरीज इलाज कराकर लाभान्वित हो रहे हैं। प्रभारी जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. आशुतोष पाठक ने बताया कि अप्रैल माह के प्रथम गुरूवार को आयोजित सियान जतन क्लीनिक में स्पेशलाइज्ड आयुर्वेद थेरेपी सेंटर बालोद में 45 और शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय दल्लीराजहरा में 92 बुजुर्ग मरीजों की आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म कर लाभान्वित किया गया। इसी प्रकार मई माह के प्रथम गुरूवार को आयोजित सियान जतन क्लीनिक में स्पेशलाइज्ड आयुर्वेद थेरेपी सेंटर बालोद में 103 और शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय दल्लीराजहरा में 90 बुजुर्ग मरीजों का आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म कर लाभान्वित किया गया।

### मातृ एवं शिशु रोग विभाग के लिए अधोसंरचना निर्माण का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**कांकेर।** अलबेलापारा कांकेर का शासकीय कन्या महाविद्यालय भवन जिसमें पहले डेडिकेटेड कोविड अस्पताल संचालित था, उक्त भवन से अब मेडिकल कॉलेज कांकेर का मातृ एवं शिशु रोग विभाग संचालित किया जायेगा। इस भवन में सभी मूलभूत सुविधाएं एवं मशीनों की स्थापना की गई है, जिसका निरीक्षण कलेक्टर चन्दन कुमार के द्वारा आज किया गया। उन्होंने यहाँ बनाये गये पीपीओटी कक्ष, पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड, आपरेशन रूम, प्री ऑपरेटिव वार्ड, किचन, पोषण पुनर्वास केन्द्र, मातृ कक्ष, डेमो रूम, ट्रू–नाट लैब, शिशु वार्ड, स्टॉफ रूम, प्रसुति एवं स्त्री रोग आईसीयू, शिशुरोग आईसीयू, लेक्चर हॉल, शिशु रोग ओपीडी, मेटरनिटी वार्ड, लेबर रूम इत्यादि सहित अन्य कक्षों का अवलोकन किया एवं जो कार्य शेष रह गये है, उन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. आर.सी. ठाकुर एवं लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.एल. मरकाम भी मौजूद थे।

### योजना के तहत जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों में 44 तरह की बीमारियों का होता है नि:शुल्क जाँच एवं उपचार

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम बच्चों के लिए है संजीवनी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। बच्चे का जन्म परिवार में खुशियां लेकर आता है । पर कभी–कभी नवजात का आगमन मां–बाप को खुशी का मौका देने के साथ ही उनके माथे पर चिंता की लकीर भी खींच देता है । जन्मजात विकृति के साथ पैदा हुए बच्चों के परिजनों को भविष्य की चिंता सताने लगती है।



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु योजना) के माध्यम से ऐसे बच्चों और उनके परिवारों की चिंता नि:शुल्क जाँच एवं पूर्ण उपचार कर दूर की जा रही है। चिरायु योजना (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) के माध्यम से वर्ष 21–22 में अब तक प्रदेश में 18 हजार 288 बच्चे जो विभिन्न बीमारियों से पीड़ित थे का पूर्ण उपचार किया गया है। इस योजना ने अनेक परिवारों की परेशानी दूर करने के साथ ही पीड़ित बच्चों को नव जीवन दिया है। बिलासपुर जिले के मस्तूरी ब्लाक के ग्राम भनेशर का बालक खोशांग दिव्य पिता संजय दिव्य का जन्म सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मस्तूरी में 15 दिसम्बर 2015 को हुआ था। बच्चे का जन्म से हृदय रोग से पीड़ित होने के कारण माता पिता द्वारा बच्चे का कई बड़े अस्पतालों में ईलाज करने का हर संभव प्रयास किया गया लेकिन बच्चे के दिल में बड़े छेद दङ्कस्छ्ड्ट होने की वजह से आपरेशन जटिल था और सर्जरी छत्तीसगढ़ में संभव नहीं थी।

मस्तूरी ब्लाक के चिरायु दल द्वारा बच्चे की जानकारी होने पर घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, दल द्वारा बच्चे की उच्च स्तरीय जाँच हेतु बिलासपुर रिफर किया गया। केस की जटिलता को देखते हुए डाक्टरों के दल द्वारा खोशांग को उच्च स्तरीय उपचार हेतु चिरायु में अनुबंधित अस्पताल अपोलो चिल्ड्रेन हॉस्पिटल,चेन्नई रिफर किया गया। प्रदेश के बाहर डॉक्टरों के दल द्वारा रिफर अस्पताल में बच्चे के ईलाज हेतु चिरायु योजना के मध्यम से आवश्यक कार्यवाही कर उपचार की व्यवस्था की गई। खोशांग का पहला आपरेशन जुलाई वर्ष 2016 में एवं दूसरा आपरेशन वर्ष 2019 में किया गया।

वर्ष 2022 में खोशांक के दिल का तीसरा व जटिल ऑपरेशन भी चिरायु योजना अंतर्गत चेन्नई में 06 अप्रैल 2022 को सफलतापूर्वक कराया गया। बेटे का सफल आपरेशन और उसके चेहरे की मुस्कराहट ने माता पिता को आत्मविश्वास से भर उनके सपनों को नई उड़ान दे दी है।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) अंतर्गत जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चे जो किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होते है का नि:शुल्क उपचार किया जाता है। चिरायु टीम द्वारा स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर पीड़ित बच्चों का चिन्हांकन कर चिरायु योजना के अंतर्गत पंजीयन किया जाता है। चिरायु दल द्वारा इन बच्चों की उच्च स्तरीय जांच कर अनुबंधित अस्पतालों में ऑपरेशन करवाया जाता है।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास पर हो शिक्षकों का फोकस-संभागायुक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायगढ़। संभाग आयुक्त डॉ.संजय अलंग आज रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने नये भवन में तैयार किए गए क्लास रूम, लाईब्रेरी, लेबोरेट्री, इंडोर स्पोर्ट्स रूम का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने सभी टीचर्स की भी एक बैठक ली। जिसमें उन्होंने शिक्षकों से स्वामी आत्मानंद स्कूल में अध्यापन पर चर्चा की।



उन्होंने टीचर्स से कहा कि यहां सभी वर्गो के बच्चे पढने आते है, इसका विशेष ध्यान रखते हुए सारे टीचर्स बच्चों से जुड़कर उनके सर्वांगीण विकास पर फोकस करें। उन्होंने कहा कि यह शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है जिसमें दूर–दराज के बच्चों को भी शासकीय स्कूलों के माध्यम से अंग्रेजी मीडियम में शिक्षा प्रदान की जा रही है, ताकि वे प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं के लिए तैयार हो सके। उन्होंने शिक्षकों के चर्चा के बाद कहा कि यहां की टीम अच्छी है तथा यहां बच्चों में भी काफी संभावनाएं है। यदि हमारे इस विद्यालय के बच्चे शैक्षणिक गतिविधियों खेल व एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज में राज्य व राष्ट्रीय स्तर में अपना स्थान बनाए तो यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय होगा।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, डिप्टी कमिश्नर बिलासपुर अखिलेश साहू, संयुक्त कलेक्टर डिगेश पटेल, संयुक्त संचालक शिक्षा आर.एन.हीराधर, एसडीएम धरमजयगढ़ सीमा पात्रे, डीईओ आर.पी.आदित्य, डीएमसी आर.के.देवांगन, सीईओ धरमजयगढ़ आज्ञामणी पटेल सहित स्कूल के प्राचार्य व स्टाफउपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने स्कूल के कुछ बच्चों से भी मुलाकात की व स्कूल के बारे में उनसे फीडबैक लिया। कक्षा 9 वीं की छात्रा नैना मंडल ने बताया कि उन्हें इस स्कूल में काफी सहयोगात्मक माहौल मिल रहा है तथा शिक्षकों से भी नियमित रूप से मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। दूसरे बच्चों ने भी अपने अनुभव साझा किए। संभागायुक्त डॉ.अलंग ने इस पर खुशी जतायी और बच्चों से कहा कि खूब मन लगाकर पढ़े क्योंकि आप सभी हमारे भविष्य है। उन्होंने स्कूल के प्राचार्य से पढ़ाई के साथ बच्चों को स्पोर्ट्स तथा एक्स्ट्रा करिकूलर एक्टिविटीज गतिविधियों से भी जोडने के लिए कहा।

## राजीव गांधी आश्रय योजना/ मुख्यमंत्री आबादी पट्टा योजना के लिए आवेदन प्राप्त करने के लिए दल गठित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** राजीव गांधी आश्रय योजना/मुख्यमंत्री आबादी पट्टा योजना के तहत प्रदत्त पट्टे की भूमि का वर्तमान कब्जे के आधार पर पट्टेदार राज्य शासन से भूमि स्वामी हक प्राप्त करना चाहता है तो वर्तमान गाईड लाईन पर निर्धारित बाजार मूल्य की 20+2 प्रतिशत राशि देय होगी। यदि पट्टेदार ने अन्य को भूमि अंतरित कर दिया है, तो उक्त कब्जेदार को वर्तमान गाईड लाईन दर पर निर्धारित बाजार मूल्य के 40+2 प्रतिशत जमा करना होगा जिसके लिए आवेदन प्राप्त करने हेतु दल गठित किया गया है। गठित दल 14 एवं 16 मई 2022 को निर्धारित शिविर स्थल में पूर्वान्ह 11 बजे से सायं 5.30 बजे तक शिविर स्थल पर उपस्थित रहेंगे एवं हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त करेंगे।

कार्यालय कलेक्टर नजूल शाखा रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 एवं 16 मई को प्राथमिक शाला विनोबानगर रायगढ़ में शिविर आयोजित होंगे। इसी तरह 14 एवं 16 मई को प्राथमिक शाला भवन केवड़ाबाड़ी रायगढ़ में आयोजित शिविर में राजस्व निरीक्षक नजूल शास्त्री प्रधान व मनोज कुमार पटेल तथा अनंत कुमार सिदार व सुनील कुमार चौधरी उपस्थित रहेंगे। टीकाराम राठिया तथा डी.पी.जायसवाल एवं विकास कुमार भृत्य उपस्थित रहेंगे।

# शहतूत पौधरोपण के लिए सीमांत कृषकों के लिए प्रति एकड़ 5 लाख रूपए दिए जाने की व्यवस्था

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर । राज्य में शहतूती रेशम के उत्पादन की बेहतर संभावनाओं को देखते हुए इसके पौधरोपण के लिए सीमांत किसानों को प्रति एकड़ 5 लाख रूपए दिए जाने का प्रावधान सिल्क समग्र–2 कार्यक्रम के तहत किया है।



सीमांत कृषकों को प्रति एकड़ शहतूत पौधरोपण एवं सिंचाई के लिए 60–60 हजार रूपए, कृमिपालन भवन के लिए सवा 3 लाख रूपए, कृमिपालन उपकरण के 50 हजार रूपए तथा नि:संक्रमण के लिए 5 हजार रूपए की सहायता दिए जाने का प्रावधान है। ग्रामोद्योग विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला ने राज्य के सभी कलेक्टरों को शहतूत पौध रोपण एवं शहतूती रेशम के उत्पादन को बढ़ावा देने के संबंध में केन्द्र सरकार की सिल्क समग्र–2 योजना का बड़े पैमाने पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। प्रमुख सचिव शुक्ला ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में शहतूत पौधरोपण कर शहतूती रेशम उत्पादन करने की अपार संभावनाएं है। देश में इस समय रेशम की बहुत कमी है, इसलिए जितना भी रेशम ककून उत्पादित होगा, उसके तत्काल विक्रय होने की संभावना भी है। केन्द्र सरकार द्वारा सिल्क समग्र–2 योजना बनाई गई है जिसके तहत् किसानों की भूमि पर शहतूत पौधरोपण करने के लिए 5 लाख प्रति एकड़ सीमांत कृषकों के लिए दिए जाने की व्यवस्था है। प्रमुख सचिव डॉ. शुक्ला ने अपने पत्र में इस बात का उल्लेख किया है कि सिल्क समग्र–2 योजना के अनुसार इसमें से 80 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार द्वारा 10 प्रतिशत राज्य सरकार तथा 10 प्रतिशत राशि रेशम कृषक द्वारा वहन की जानी है। इसके अनुसार 5 लाख में से मात्र 50 हजार रूपए की राशि कृषक द्वारा वहन की जानी है। सीमांत कृषकों के खेतों में शहतूत पौधरोपण का कार्य मनरेगा के अंतर्गत कराया जा सकता है और मनरेगा में जो मजदूरी भुगतान की जायेगी, उसे मजदूरी के रूप में संबंधित कृषक का योगदान इस योजना के लिए माना जा सकता है। इसके बाद भी आवश्यकता हो तो बैंकों द्वारा ऋण दिलाने का प्रयास किया जाए। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजनातंर्गत धान के अतिरिक्त अन्य फसलों के लिए कृषकों को प्रति एकड़ 10 हजार रूपए प्रतिवर्ष देने की व्यवस्था है तथा पी.एम. किसान योजना के तहत पात्र कृषकों को प्रतिवर्ष 6 हजार रूपए दिया जाता है। एक एकड़ शहतूत पौधरोपण कर ककून उत्पादन से कृषकों को 1 लाख 29 हजार 600 रूपए की वार्षिक आय संभावित है। रेशम पौधरोपण के लिए लाल दोमट मिट्टी तथा ऐसे क्षेत्र उपयुक्त होते है, जहां जल का जमाव न हो शहतूत के पौधरोपण को सिंचाई की आवश्यकता पड़ती है। जिसके लिए ड्रीप एरिगेशन की व्यवस्था भी इस योजना के अंतर्गत की जा सकती है। प्रमुख सचिव शुक्ला ने कलेक्टरों को जिले में 250–500 कृषकों के लिए निजी भूमि पर शहतूत पौधरोपण की अपने जिले की कलस्टरवार योजना तैयार कर शीघ्र डॉ. राजेश बघेल, अपर संचालक रेशम मोबाइल नम्बर– 9977839369 भेजने को कहा है।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** पुलिस मुख्यालय अटल नगर नवा रायपुर द्वारा दुर्घटनाओं को रोकने तथा दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं मानव तस्करी को रोकने के उद्देश्य से गरियाबंद जिला इकाई को एक हाईवे पेट्रोलिंग एवं एक एंटी हुमन ट्रेफि किंग यूनिट वाहन आवंटित किया गया है, जिसे जिले के कलेक्टर नम्रता गांधी एवं पुलिस अधीक्षक जेआर.ठाकुर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रेश सिंह ठाकुर,उप पुलिस अधीक्षक निशा सिन्हा के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय प्रांगण से हरी झंडी दिखाकर,रवाना किए। हाईवे पेट्रोलिंग वाहन को स्वयं पुलिस अधीक्षक गरियाबंद द्वारा चलाते हुए गरियाबंद शहर का भ्रमण किए।



हाईवे पेट्रोलिंग का उद्देश्य हाईवे पेट्रोलिंग की व्यवस्था राजमार्गो पर आम नागरिकों की सुरक्षित एवं निर्बाध आवागमन के साथ–साथ सड़क दुर्घटनाओं में तत्काल राहत एवं सहायता करने के उद्देश्य से किया गया है, हाईवे पेट्रोलिंग वाहन में पुलिस बल आवश्यक उपकरण सामग्री से सुसज्जित होकर पूर्व निर्धारित स्थल पर तैनात रहेंगे तथा सामान्यता पूर्व निर्धारित राजमार्गो के सड़क में भ्रमण करते रहेंगे।दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर हाईवे पेट्रोलिंग तत्काल स्वता क्रियाशील होकर घटनास्थल पहुंचकर पीड़ित को समुचित सहायता व चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएंगे तथा तत्काल नजदीकी अस्पताल तक रवाना करने की व्यवस्था करेंगे घटना क्षेत्र के थाना प्रभारी को सूचित किया जाएगा यदि घटना स्थल पर किसी प्रकार कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होती है तो स्थानीय बल की सहायता से घटना स्थल को सुरक्षित रखते हुए राजमार्गों में आवागमन को सामान्य बनाए रखेंगे।


RKMG COMMUNITY
E-Commerce platform for Indians

समस्त व्यापारि भाइयों और बहनों के लिए e-commerce प्लेटफॉर्म है RKMG community जो कि आपको आने वाले समय में मजबूत करेगा compete करने के लिए हर आन लाइन प्लेटफार्म से।

- हम आपको digital franchise बनाएँगे, जहाँ कई branded companies के समान को competitive रेट पर अपने ग्राहक को बेच पाएंगे और अपनी आमदनी बढ़ा पाएंगे।
- यहाँ अपने ग्राहक को पचास से भी अधिक समान बेच पाएंगे, बिना स्टोक रखे ।
- अपने ग्राहक से पैसे अपने अकाउंट में लेंगे और franchise price काट कर बाकी कम्पनी के ऑडर के लिए देंगे।
- RKMG आप लोगो से रूपए 5000+18% GST Franchise agreement fee लेगी।
- अधिक जानकारी के लिए 7828463843 & 9650145151 पर काल करे।

We are about to launch products live of your interest from 7th of May w®ww. From this day onwards You may Log on to www.rkmg.in/community/inde&.html and you will come to a page "welcome to RKMG community. On that page click on Read more. To buy products and services, click on to ecommerce and you will find all products being displayed. Here you are required to place order for the products at competitive prices as per your choices. You may contact at the below given franchisee for further clarification.

Pradeep Kumar Satpaty







## खास खबर

### स्टेट क्वालिटी मॉनिटर्स के इम्पैनलमेंट के लिए 20 मई तक आवेदन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की एजेंसी छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत स्टेट क्वालिटी मॉनिटर्स के इम्पैनलमेंट के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। इसके लिए कार्यपालन अभियंता या किसी सरकारी संस्था, केंद्र या राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या उनसे संबद्ध कार्यालयों में समकक्ष पद से सेवानिवृत्त सिविल अभियंताओं से आवेदन मंगाया गया है। शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों, आईआईटी, एनआईटी या सरकारी अनुसंधान संस्थानों इत्यादि में कार्यरत या सेवानिवृत्त सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक ऐसे फैकल्टी मेम्बर जिन्हें सड़क निर्माण या पुल की डिजाइनिंग, पर्यवेक्षण और परामर्शदाता के रूप में काम करने का अनुभव हो, वे भी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। सड़क निर्माण कार्यों के निरीक्षण के लिए शासकीय सेवा वाले ऐसे उम्मीदवार वांछित हैं जिन्हें अपनी सेवानिवृत्ति के पहले के आखिरी दस सालों में से कम से कम पांच साल सड़क निर्माण का अनुभव हो। वहीं पुल निरीक्षण के लिए पुल निर्माण की योजना, डिजाइनिंग या क्रियान्वयन में आठ वर्ष के अनुभव वाले ऐसे उम्मीदवार वांछनीय हैं जिन्हें पुल परियोजना के क्रियान्वयन का कम से कम चार वर्ष का अनुभव हो। सड़क और पुल निरीक्षण के लिए दोनों व्यावसायिक योग्यता एवं मैदानी अनुभव रखने वाले उम्मीदवार दोनों कार्यों के लिए आवेदन कर सकते हैं। स्टेट क्वालिटी मॉनिटर के लिए सभी व्यावसायिक और शैक्षणिक योग्यता धारण करने के साथ ही आवेदक किसी तरह के भ्रष्टाचार का दोषी न हो। कम्प्यूटर और स्मार्ट फोन पर काम कर सकने वाले या निर्धारित समय में इन्हें सीखने के इच्छुक उम्मीदवार इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों को मैदानी अनुभव से संबंधित दस्तावेज भी आवेदन के साथ संलग्न करने कहा गया है।

### शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालयों में प्रत्येक शुक्रवार को होगा विशेष मानसिक स्वास्थ्य ओपीडी

**रायपुर।** प्रदेश के शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय चिकित्सालय रायपुर एवं बिलासपुर में प्रत्येक शुक्रवार को विशेष मानसिक स्वास्थ्य ओपीडी का संचालन किया जा रहा है। आयुष संचालनालय के सहायक संचालक डॉ. विजय साहू ने बताया कि प्रत्येक शुक्रवार को संचालित इस विशेष ओपीडी में मानसिक समस्याओं से जूझ रहे व्यक्तियों को आयुर्वेद के माध्यम से उपयुक्त उपचार एवं स्वस्थ जीवन शैली सम्बंधित मार्गदर्शन नि:शुल्क प्रदान किया जा रहा है । आवश्यकता अनुसार मरीजों को पंचकर्म सेवाएँ भी प्रदान की जाएगी । उन्होंने बताया कि शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय चिकित्सालय रायपुर एवं बिलासपुर में 1 अप्रैल 2022 से प्रत्येक शुक्रवार यह विशेष ओपीडी संचालित कर मानसिक स्वास्थ्य से पीड़ित मरीजों की नि:शुल्क जाँचकर उपचार प्रदान किया जा रहा है। अब तक इस विशेष ओपीडी के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे 136 मरीजों को नि:शुल्क उपचार प्रदान किया गया है।

### मुख्यमंत्री बघेल के दौरे के साथ बढ़े स्वामी आत्मानंद स्कूल, 50 से बढ़कर 75 हुई संख्या

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दौरा कार्यक्रम के दौरान स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों की मांग भी सामने आ रही है। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार प्रदेश में इस साल 50 नए अंग्रेजी माध्यम स्कूल खुलने थे लेकिन अभी तक अभिभावकों की मांग पर विभिन्न जिलों से मिले प्रस्ताव के अनुसार इन स्कूलों की संख्या बढ़कर 75 हो गई है। जहां-जहां मुख्यमंत्री पहुंच रहे हैं वहां अभिभावकों की मांग पर नए स्वामी आत्मानंद विद्यालय खोलने की मांग की जा रही है। आम जनता, मंत्री-विधायकों से मिले प्रस्तावों के बाद लोक शिक्षण संचालनालय ने करीब 75 नए स्कूलों को खोलने के लिए प्रस्ताव तैयार किया है। बताते हैं कि प्रस्ताव की यह फाइल वित्त विभाग तक जाएगी इसके बाद ही स्कूलों की आखिर संख्या तय होगी। प्रदेश में पहले से ही 171 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम के स्कूल संचालित हैं, जहां पर डेढ़ लाख विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। अभी आने वाले समय में इन स्कूलों में 75 हजार विद्यार्थी का और दाखिला हो सकेगा।

# मुख्य सचिव ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के कार्यों की समीक्षा की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंत्रालय महानदी भवन में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के विभागीय कार्यों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने राजस्व विभाग के सचिव को निराकृत प्रकरणों के संबंध में हितग्राहियों को जानकारी देने वाचन अभियान चलाने के निर्देश दिए है। बैठक में नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, नामांतरण के नियमों के सरलीकरण की प्रगति, विवादित राजस्व प्रकरण सहित अन्य कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।



मुख्य सचिव ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नामांतरण के प्रकरण जो निराकृत हो गए है ऐसे प्रकरणों के संबंध में एक अभियान चलाकर हितग्राहियों को यह बताया जाए कि नामांतरण के बाद उनका नाम खसरे, बी-1 और भू नक्शे में दर्ज कर दिया गया है। हितग्राहियों को नामांतरण के अभिलेख जैसे- खसरा, बी-1 और भू-नक्शा भी प्रदान किया जाए। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दर्ज राजस्व प्रकरणों की स्थिति के संबंध में संबंधित हितग्राहियों को जानकारी दी जाए। हितग्राही का प्रकरण यदि लंबित है, तो उसके कारणों की जानकारी उन्हें दी जाए। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, राजस्व विभाग के सचिव एनएन एक्का, संचालक भू-अभिलेख एवं महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक जनक पाठक सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# खेल प्रतियोगिताओं का वार्षिक कैलेण्डर तैयार करें : मुख्य सचिव

### मुख्य सचिव ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग के विभागीय कार्यों की समीक्षा की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंत्रालय महानदी भवन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव ने संचालक खेल एवं युवा कल्याण को निर्देश दिए कि खेलों का वार्षिक कैलेण्डर तैयार किया जाए। जिसमें ब्लाक, जिला संभाग एवं राज्य स्तर पर विभिन्न खेलों के आयोजन की विस्तृत जानकारी हो। मुख्य सचिव ने राज्य में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने कहा है। बैठक में उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित करने की योजना, राजीव युवा मितान क्लब, वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के प्रशिक्षण शिविर, वार्षिक खेल कैलेण्डर, नवीन खेल अकादमियों की प्रगति सहित अन्य विभागीय क्रियाकलापों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू विशेष रूप से मौजूद थे। मुख्य सचिव ने खेल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भरपूर प्रोत्साहन दिया जाए। उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शासकीय नौकरी में प्राथमिकता सहित अन्य तरीके से प्रोत्साहित किया जाए। विजयी खिलाड़ियों से अन्य खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिलाया जाए। खेलों में बेहतरीन प्रशिक्षण देने वाले कोच को भी प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव साहू ने कहा कि खेल विभाग के स्टेडियमों, मैदानों एवं अकादमियों का भरपूर उपयोग करने की योजना बनाएं। यहां पर स्कूलों, कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों को उनकी खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक श्वेता सिन्हा श्रीवास्तव ने विभागीय कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर खेल विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

## चक्रवात कमजोर होते ही बदला मौसम तीन दिनों में चार डिग्री बढ़ेगा तापमान



**रायपुर ( ए )।** चक्रवात आसनी के कमजोर होते ही प्रदेश के मौसम का मिजाज बदलने लगा है। तीन दिनों में प्रदेश के अधिकतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने के आसार है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को बस्तर संभाग में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। द्रोणिका के प्रभाव से गुरुवार को प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश दर्ज की गई। हालांकि, लोगों को इससे दोपहर की तपिश से राहत नहीं मिली। राजधानी सहित प्रदेश के विभिन्ना क्षेत्रों में तपिश ज्यादा रही और गर्मी से लोग हलाकान रहे। मौसम विभाग का भी कहना है कि आने वाले दिनों में तपिश बढ़ेगी।

### रायपुर का अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस किया गया दर्ज

प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में लू के आसार भी बन सकते है। गुरुवार को प्रदेशभर में सर्वाधिक अधिकतम तापमान एआरजी (अजुर्नी) बलौदाबाजार में 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रायपुर का अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम रहा।

### यह बन रहा सिस्टम

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि एक पूरब-पश्चिम द्रोणिका, पश्चिम -मध्य प्रदेश से बिहार तक 1.5 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। साथ ही एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका पूर्वी बिहार से उत्तर ओडिशा तक 3.1 किमी ऊंचाई तक फैला हुआ है। इसके प्रभाव से ही शुक्रवार को प्रदेश के विभिन्ना क्षेत्रों में हल्की बारिश या गरज-चमक के साथ छीटें पड़ सकते हैं। आने वाले तीन दिनों में प्रदेश के अधिकतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होगी।

# राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पहल: नवीन सोसायटियों के सुदृढ़ीकरण तथा सुचारू संचालन के लिए 700 गोदाम सह कार्यालय भवन का होगा निर्माण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नवगठित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के सुदृढ़ीकरण तथा सुचारू संचालन के लिए 700 गोदाम सह कार्यालय भवन का निर्माण होगा। राज्य सरकार की पहल से इसके लिए नाबार्ड के आरआईडीएफ के अंतर्गत 175 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत है। इनमें प्रत्येक गोदाम सह कार्यालय भवन के निर्माण के लिए 25 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है।

गौरतलब है कि राज्य में सोसायटियों के पुनर्गठन पश्चात् 725 नवीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का गठन किया गया है। इन्हें मिलाते हुए अब राज्य में कुल 2058 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां संचालित है। इनमें पूर्व के 1333 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां शामिल है। वन तथा विधि-विधायी मंत्री मोहम्मद अकबर तथा सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम द्वारा आज सहकारिता विभाग की ली गई समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी गई। यह बैठक वन मंत्री अकबर के शंकर नगर स्थित शासकीय निवास कार्यालय में आयोजित थी। बैठक में मंत्री द्वय अकबर तथा डॉ. टेकाम द्वारा राज्य में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के सुदृढ़ीकरण सहित सुचारू संचालन के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें कर्मचारियों के रिक्त पदों पर भर्ती तथा कार्यालय सह गोदाम के निर्माण पर विशेष जोर दिया गया। जिससे मैदानी स्तर पर किसानों को सोसायटियों के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों धान खरीदी सहित कृषि बीज वितरण, खाद वितरण और राशन वितरण का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इस दौरान भर्ती प्रक्रिया को भी जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। इसी तरह अपेक्स बैंक तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों के भी सेवा नियम में संशोधन की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि रिक्त पदों पर जल्द से जल्द भर्ती की प्रक्रिया पूर्ण हो सके। समीक्षा के दौरान सोसायटियों में रासायनिक खाद और प्रमाणित बीज का भण्डारण एवं वितरण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।




बैठक में बताया गया कि पुनर्गठन पश्चात् बनाये गए नई सोसायटियों में अभी शासकीय सेवकों को प्रशासक नियुक्त किया गया है। इनके स्थान पर पात्र कृषकों को उनमें नियुक्त किए जाने का भी अहम निर्णय लिया गया, जो बोर्ड के निर्वाचन होने तक के लिए किसानों से ही पात्र व्यक्ति का चयन कर नियुक्त किया जाए। इसकी सूची 10 दिवस के भीतर सहकारिता मंत्री के पास अवलोकन के लिए प्रस्तुत करने के संबंध में निर्देश दिए गए।

बैठक में विधायक सत्यनारायण शर्मा, अपेक्स बैंक के चेयरमैन बैजनाथ चंद्राकर, जिला सहकारी बैंक रायपुर के अध्यक्ष पंकज शर्मा, जिला सहकारी बैंक दुर्ग के अध्यक्ष जवाहर वर्मा, जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव के अध्यक्ष नवाज खान, जिला सहकारी बैंक बिलासपुर के अध्यक्ष प्रमोद नायक और जिला सहकारी बैंक सरगुजा (अंबिकापुर) के अध्यक्ष श्रीराम जी राव, सहकारिता विभाग के विशेष सचिव हिमशिखर गुप्ता, अपर पंजीयक सहकारी संस्थाएं एचके दोषी, सहकारिता विभाग के उप सचिव पी.एस. सर्पराज, अपैक्स बैंक के प्रबंध संचालक के.एन. कान्डे सहित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित थे।

# राज्य में खरीफ फसलों के लिए डीएपी के स्थान पर विकल्प के रूप में अन्य उर्वरकों का फसलवार किया जा सकता है उपयोग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** खरीफ फसलों के लिए अनुशंसित पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए डीएपी के स्थान पर अन्य उर्वरकों का उपयोग किया जा सकता है। कृषि विभाग जिला रायपुर के अधिकारियों ने बताया कि फसलवार उर्वरक अनुशंसा के आधार पर विकल्प इस प्रकार हो सकते हैं जैसे धान एवं मक्का फसल के लिए अनुशंसित पोषक तत्व एनपीके-40:24:16 (नाईट्रोजन 40, फास्फोरस 24, पोटाश 16) किलोग्राम प्रति एकड़ मात्रा आपूर्ति के लिए निम्न उर्वरक एवं मात्रा का उपयोग किया जाए। जिसमें यूरिया एक बोरी (50 किलोग्राम), एन.पी.के. (20:20:13) - दो बोरी (100 किलो ग्राम) एवं पोटाश (27 किलोग्राम) अथवा यूरिया (65 किलोग्राम) एवं एन.पी.के. (12:32:16) - दो बोरी (100 किलोग्राम) एवं सिंगल सुपर फास्फेट (50 किलोग्राम) अथवा यूरिया दो बोरी (100 किलो ग्राम) सिंगल सुपर फास्फेट - तीन बोरी (150 किलोग्राम) एवं पोटाश 27 किलो ग्राम का प्रयोग किया जा सकता है। साथ ही वर्मी कम्पोस्ट कम से कम 1 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से उपयोग किया जाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि खरीफ दलहनी फसलों के लिए अनुशंसित पोषक तत्व एन.पी.के. 8:20:8 (नाइट्रोजन 8, फास्फोरस 20, पोटाश 8) किलो ग्राम प्रति एकड़ मात्रा की आपूर्ति के लिए निम्न उर्वरक एवं मात्रा का उपयोग किया जाए, जिसमें यूरिया - 18 किलोग्राम, पोटाश - 14 किलोग्राम एवं सिंगल सुपर फास्फेट - ढाई बोरी (125 किलोग्राम) अथवा यूरिया 5 किलोग्राम, एन.पी.के. (12:32:16) - 1 बोरी (50 किलोग्राम), पोटाश 14 किलो ग्राम, सिंगल सुपर फास्फेट 25 किलोग्राम साथ ही वर्मी कम्पोस्ट कम से कम 1 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से उपयोग किया जाए।

कृषि विभाग के उप संचालक आरके कश्यप ने बताया कि खरीफ तिलहन फसलों (सोयाबीन एवं मूंगफली) के लिए अनुशंसित पोषक तत्व एन.पी.के. (8:20:8) (नाइट्रोजन 8, फास्फोरस 20, पोटाश 8) किलो ग्राम प्रति एकड़ आपूर्ति के लिए निम्न उर्वरक एवं मात्रा का उपयोग किया जाए जिसमें यूरिया (17 किलोग्राम), पोटाश (13 किलोग्राम) एवं सिंगल सुपर फास्फेट (125 किलोग्राम) साथ ही वर्मी कम्पोस्ट कम से कम 1 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से उपयोग करें। रामतील अनुशंसित पोषक तत्वों की मात्रा (12:12:8) किलोग्राम, नत्रजन, स्फूर एवं पोटाश प्रति एकड़। इस पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए यूरिया 26 किलोग्राम, सिंगल सुपर फास्फेट 25 किलोग्राम एवं म्यूरेट आफ पोटाश 13 किलो ग्राम का प्रयोग किया जा सकता है साथ ही वर्मी कम्पोस्ट 1 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से उपयोग किया जाए।

उन्होंने बताया कि गन्ना फसल के लिए अनुशंसित पोषक तत्व एन.पी.के. (120:32:24) (नाइट्रोजन 120, फास्फोरस 32, पोटाश 24) किलोग्राम प्रति एकड़ मात्रा आपूर्ति के लिए उर्वरक एवं मात्रा का उपयोग इस प्रकार किया जाए जिसमें यूरिया 5 बोरी (250 किलोग्राम) एन.पी.के. (12:32:16) - दो बोरी (100 किलोग्राम) एवं पोटाश (14 किलोग्राम) अथवा यूरिया (260 किलोग्राम) सिंगल सुपर फास्फेट - चार बोरी (200 किलोग्राम) एवं पोटास (40 किलोग्राम) अथवा यूरिया (200 किलोग्राम) एन.पी.के. (20:20:13) - तीन बोरी (150 किलोग्राम) एवं पोटाश (40 किलोग्राम) का प्रयोग किया जा सकता है। साथ ही वर्मी कम्पोस्ट कम से कम 1 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से उपयोग किया जाए।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# भाषा विवाद के बीच रिलीज होंगी साउथ की ये पांच फिल्में, क्या हिंदी पट्टी में करेंगी राज?

तेलुगू फिल्म 'पुष्पा' व 'आरआरआर' और कन्नड़ फिल्म 'केजीएफ2' ने बॉक्स ऑफिस पर असाधारण कारोबार कर हर किसी को चौका दिया है। इन फिल्मों के हिंदी डब संस्करणों ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड्स बनाए हैं। इसमें से यश अभिनीत 'केजीएफ: चैप्टर 2' हिंदी बाजारों में दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इसने आमिर खान स्टारर 'दंगल' के कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है। वहीं दूसरी तरफ बॉलीवुड की फिल्में बॉक्स ऑफिस और दर्शकों के दिलों पर अपनी छाप छोड़ने में लगातार नाकाम हो रही हैं। ऐसे में आज हम आपको उन दक्षिण फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आने वाले समय में बॉक्स ऑफिस पर राज कर सकती हैं।




### किच्चा सुदीप की विक्रांत रोना

किच्चा सुदीप की विक्रांत रोना को कन्नड़ में शूट किया गया है और इसे 'केजीएफ2' की ही तरह विभिन्न भाषाओं में डब और रिलीज किया जाएगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि विक्रांत रोना को बॉक्स ऑफिस पर क्या प्रतिक्रिया मिलती है। बता दें कि इस फिल्म में जैकलीन फर्नांडीज भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

### सामंथा रुथ प्रभु की यशोदा

सामंथा रूथ प्रभु दक्षिण का बड़ा नाम हैं, लेकिन 'द फैमिली मैन सीजन 2' में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत वह पूरे देश में प्रसिद्ध हो गई हैं। उनकी अगली तेलुगू फिल्म 'यशोदा' को हिंदी में डब कर रिलीज किया जाएगा। यह इस साल अगस्त में बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। कुछ दिनों पहले ही फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था और इसे काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है।

### सामंथा रुथ प्रभु की शाकुंतलम

समांथा की एक और फिल्म हिंदी में डब कर रिलीज की जाएगी। जी हां, हम बात कर रहे हैं 'शकुंतलम' की। फिल्म के पोस्टर ने पहले ही काफी चर्चा बटोर ली है और अब, प्रशंसक फिल्म की रिलीज की तारीख जानने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### पवन कल्याण की हरि हर वीरा मल्लू

पवन कल्याण स्टारर हरि हर वीरा मल्लू इस महीने रिलीज होने वाली थी, लेकिन कथित तौर पर इसकी रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है। अब यह फिल्म दशहरा के आस-पास रिलीज हो सकती है। इस तेलुगू फिल्म को हिंदी सहित कई भाषाओं में डब कर रिलीज किया जाएगा।

### ऐश्वर्या राय बच्चन की पोन्नियिन सेलवन - भाग 1

मणिरत्नम की तमिल पीरियड ड्रामा 'पोन्नियिन सेलवन - भाग 1' इस साल सितंबर में रिलीज हो सकती है। इसमें ऐश्वर्या राय बच्चन के अलावा विक्रम, त्रिशा और अन्य अन्य कलाकार अहम भूमिका में हैं। इस फिल्म में ऐश्वर्या की मौजूदगी की वजह से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह हिंदी बाजारों में अच्छा प्रदर्शन करेगी।

# सिल्वर जुबली डायरेक्टर सतीश जैन की फिल्म चल हट कोनो देख लिहि आज से पूरे छत्तीसगढ में एक साथ हो रही है रिलीज

पहले ही टूटा रिकार्ड,एक साथ 60 सिनेमाघरों व पीव्हीआर मल्टीप्लेक्स में जा रही है लगने

फिल्म अभिनेता दिलेश साहू,रजनीश साहू,सिवानी,निर्माता छोटेलाल पत्रकारों से हुए रू-ब-रू




छॉलीवुड के प्रसिद्ध प्रोडयूसर छोटे लाल साहू द्वारा निर्मित एवं छत्तीसगढ़ी, भोजपुरी, हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने सिल्वर जुबली डॉयरेक्टर सतीश जैन के निर्देशन में बनी छत्तीसगढी फिल्म चल हट कोनो देख लीही आगामी 13 मई से पूरे छत्तीसगढ में एक साथ प्रदर्शित होने जा रही है। यह फिल्म प्रदर्शन के पहले ही रिकार्ड तोड़ रही है, क्योंकि एक साथ पूरे छत्तीसगढ में 60 सिनेमाघरों व पीवीआर व मल्टीप्लेक्स में लगने जा रही है,जबकि एक साथ हिन्दी फिल्मों को भी एक ही तिथि को इतना स्क्रीन नही मिल पाता है। मोर छहंइा भुइंया से लेकर हंस झन पगली फंस जाबे तक लगातार सिल्वर जुबली फिल्म देने वाले प्रसिद्ध निर्देशक सतीश जैन द्वारा निर्देशित इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। उक्त बातें फिल्म के निर्माता छोटेलाल साहू एवं अभिनेता रजनीश झांजी व नायक दिलेश साहू ने संयुक्त रूप से आज पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही।

इन्होंने आगे बताया कि यह सुपरहीट फिल्म आगामी 13.मई से भिलाई के श्री वेंकटेश्वरा टाकीज, भिलाई मुक्त ए-2. मिराज सिनेमा सिविक सेंटर,एवं पीव्हीआर में के अलावा दुर्ग के अप्सरा टाकीज, तरुण मल्टीप्लेक्स सहित छत्तीसगढ़ के संपूर्ण सिनेमाघरों व मल्टीप्लेक्स में लगेगी। ज्ञातव्य हो कि सतीश जैन द्वारा निर्देशित फिल्म हंस झन पगली फंस जाबे गत दो वर्ष पूर्व 100 दिन पार किया था ! उसके बाद से ही सतीश जैन की फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। दर्शकों की डिमांड के अनुसार जैन ने उनके पसंद की फिल्म चल हैट कोनो देख लीहि बनाया जिसकी शूटिंग के दौरान से ही दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रही हैं।

फिल्म में मंत्री की भूमिका अदा करने वाले लिजेंड अभिनेता रजनीश झांजी ने बताया कि छॉलीवुड के भीष्मपितामह एवं छालीवुड के संस्थापक निर्देशक सतीश जैन हमेशा से मनोरंजन के साथ ही पारिवारिक फिल्म बनाते रहे है। उनके द्वारा बनाई गई यह फिल्म भी उनके अन्य फिल्मों की ही तरह एकदम साथ सुथरी, शुद्ध मनोरंजक एवं पारिवारिक के साथ ही संदेशप्रद फिल्म है। इसमें आज कल जो लोगों की जुबान पर वर्तमान में चल रहे राजनीतिक चर्चाओं को भी ध्यान में रखकर राजनीतिक मसाला भी खूब है जो दर्शकों को भारी पंसदआयेगा। इसके अलावा यह फिल्म नारी सशक्तिकरण पर भी आधारित है, जिसमें नारी की शक्ति और उनके अधिकार को बखूबी फिल्माया गया है। इसमें एक सीन है जिसमें गांव की महिला का पुलिस इंस्पेक्टर थाने लेजाकर हाथ पकड़ लेता है जिसमें महिला हाथ छुडाकर साफ कहती है कि आप मेरा हाथ नही पकड़ सकते यदि हाथ पकड सकती है तो महिला पुलिस ही पकड़ सकती है। एक प्रश्न का जवाब देते हुए रजनीश झांजी ने कहा कि छत्तीसगढ में छॉलीवुड को उठाने के लिए सरकार ने प्रयास अच्छा किया है, पर कुछ इसमें विसंगतिया है, छत्तीसगढी फिल्म बनाने के लिए मात्र 15 लाख और हिन्दी फिल्म के लिए 5-6 करोड रूपये तक सब्सीडी दे रही है। ऐसा लग रहा है कि सरकार किसी आईएएस व आईपीएस अधिकारी से सलाह लेकर ये कार्य की है, इसके लिए फिल्म विकास निगम में जमीन से जुडे हुए फिल्मकार को रखे और उनकी सलाह लेकर काम करें तो छॉलीवुड का भला होगा। व स्टूडियों निर्माण से पहले राज्य सरकार को तहसील और कस्बा में टॉकीज खोलना चाहिए, इससे जहां कस्वाई लोगों को भी रोजगार मिलेगा वही छत्तीसगढी फिल्में भी चलेगी तो निर्माता और आगे आ गयें और लाभ होने पर इसका लाभ यहां के कलाकारों से लेकर टेक्निशयन सभी को आर्थिक फायदा होगा। वही झांजी ने एक और प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि राज्य सरकार को फिल्म से संबंधित ट्रेनिंग इंस्टीटयूट भी खोलना चाहिए ताकि प्रशिक्षित होकर लोग आयेगें तो और बेहतर कार्य होगा। आज यहां के कई ग्रामीण अपना जमीन एक करोड में बेचकर 50 लाख रूपये में फिल्म बना रहे है, और फिल्म फ्लाप होने पर कहीं के नही रह रहे है, उनको भी ट्रेनिंग और इससे संबंधित पूरी जानकारी दी जाने चाहिए कि कहां और कैसी फिल्म बनाने के लिए पैसा खर्च किया जाये और उसकी मार्केटिंग किस प्रकार हो ताकि फिल्म हिट हो और उनका लागत निकलने के साथ ही लाभ भी हो।

# रणवीर सिंह को पत्नी दीपिका का ओपिनियन बहुत मायने रखता है, पर्सनल लाइफ पर बोले- मुझे बेटी चाहिए

**रणवीर सिंह की फिल्म जयेशभाई जोरदार 13 मई को रिलीज होने जा रही है। ऐसे में रणवीर ने फिल्म की मेकिंग कैरेक्टर के साथ-साथ उन्होंने अपने करियर पर भी बात की। वहीं रणवीर ने पर्सनल लाइफ पर बात करते हुए कहा कि मैं चाहता हूं कि मुझे बेटी हो।**



### जयेशभाई जोरदार में बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन कैसे किया ?

मैं हर किरदार के लिए कोशिश करता हूं कि फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन करूं। मेरे पूरे प्रोसेस में शुरुआत वहीं से होती है। जब तक मेरी बॉडी में बदलाव नहीं आए, मेरी फिजिकैलिटी में वह कैरेक्टराइजेशन नहीं आए, तब तक मेरे अंदर वह फील नहीं होता है। जैसे अलाउद्दीन खिलजी का कैरेक्टर जब प्ले कर रहा था, तब पूरा डायट बदल दिया था। उसी तरह जयेशभाई जोरदार के वर्कशॉप में कभी लगा ही नहीं कि बमन साहब के कैरेक्टर से मुझे कोई थ्रेट या इन्टिमिडैशन है।

उन्होंने कहा कि बमन सर के सामने तू खड़ा रहता है, तब लगता ही नहीं है कि बमन से तू डर जाएगा कि वे एक थप्पड़ मारेंगे, तब एक्चुअली तुझे कुछ लगेगा। यह तेरे जो मशल्स हैं, उसे घटा दे। फिर मैंने दो सप्ताह ऑफ लेकर सब कुछ घटा दिया। एकदम दुबला-पतला बन गया ताकि वे पिता बने बमन और मेरा बेटा का कैरेक्टर डायनामिक लगे। ऐसा कि जयेश की अपने पिता से फटती है। उस नजरिए से मैंने डायट चेंज किया। पूरे तरीके से वीगेन हो गया। वेट छोड़ दिया। फंक्शनल शुरू किया, स्पोर्ट्स खेलना शुरू किया। उस दौरान मैं फुटबॉल, बैटमिंटन, बॉस्केट बॉल, स्कॉश शुरू किया।

### एक्टिंग ही सही पर फादरहुड पर आपकी क्या फीलिंग है ?

यह सीन एक गाने में आता है। मैंने तो कभी एक्सप्रीरियंस नहीं किया है, लेकिन बतौर एक्टर अक्सर ऐसा करना पड़ता है कि अपने आपको किसी तरह उस इमोशनल जर्नी से कनेक्ट कर सके। यह तरीका क्या है, यह तो किसी को पता नहीं। यह हर किसी का फिक्स भी नहीं रहता, हर किसी का प्रोसेस भी अलग होता है। अब जैसे कि लुटेरा में मेरे कैरेक्टर को गोली लगती है, पर मुझे तो कभी गोली नहीं लगी।

उसी तरह जयेशभाई जोरदार में करना था, पर मेरी तो अभी-अभी शादी हुई है। मुझे कोई बच्चे नहीं हैं। फिर वह फादरवुड का एक इमोशन एक आर्टिस्ट कैसे कैप्चर कर पाए। मैंने अपनी लाइफमें जब भी फादरहुड वह वीट्स एक्सपीरियंस किया है, तब अपनी मेमोरी में वापस उसे एक्सेस करने जाता था। उन एक्ससेस से मेरे पिताजी का मिलता था।

### आपको क्या चाहिए? बेटा या बेटी?

मुझे क्या चाहिए! इस पर बात करेंगे, इससे पहले बता दूं कि अभी एक मोहतरमा मुझे धन्यवाद देते हुए बयां कर रही थीं कि आप ऐसी फिल्म कर रहे हैं, जो मेरे साथ भी हुआ है। मैं जब पैदा पुई थी, तब मेरी दादी मुझसे मिलने, गले लगाने के लिए मना कर दिया था। वह तो मुझे देखना भी नहीं चाहती थीं। मेरे पिताजी को उनके पास जाकर भीख मांगनी पड़ी कि प्लीज ऐसा मत करो। इतने जड़, इतने कठोर मत बनो।

### यह बात मेरे दिल को छू गई।

इसलिए मेरे दिल के बड़े करीब है यह कैरेक्टर, यह दुनिया और यह कहानी। पर्सनली मैं बोलूं तो मुझे लड़की ही चाहिए। मुझे लगता है कि लड़का मेरी तरह होगा, बदमाश होगा, सताएगा। सब मेरे साथ यार-दोस्त, मेरे बेस्ट फ्रेंड, मेरी फैमिलीज्सब कहते हैं कि आपको लड़की होनी चाहिए। फिर तो ऐसे फिदा हो जाएंगे कि आपको कुछ दिखेगा ही नहीं। ऐसा मैं चाहता हूं।

### डेब्यू से अब तक अपनी एक्टिंग में क्या बदलाव देखा?


मैंने जब जयेशभाई जोरदार देखी, तब मुझे लगा कि यार दस सालों में लड़का तो कुछ तो सीख गया है। पहले मैं बहुत रॉ हुआ करता था, तब एक एक्सप्लोरेशन मूड में था कि खुद की क्रिएटिविटी, खुद की कैपिविलिटी, स्किल्स सबके साथ ऐक्सपैरिमैंट करने की कोशिश रहा था, कि ऐसा ट्राई करते हैं, वैसा ट्राई करते हैं। अभी मैं एफिसिएंट एक्टर हो गया हूं। आप स्किल एक्वायर करते हैं, वह स्किल्स हैं क्या। वह आपकी एंक्टिंग में इस्तेमाल करने वाले औजार हैं। मैंने फिल्म की शूटिंग खत्म की, तब तक एक गैप आ गया था। परफॉर्म करने के काफी अर्से बाद मैंने जयेशभाई जोरदार फिल्म देखी, तब तक वह ऑव्जर्ब किया। नए नजरिए से देख रहा था, तब लगा कि यह एकदम नया है। मैं अक्सर अपने आपको नंबर नहीं देता हूं, लेकिन यह देखकर मुझे खुशी हुई। मुझे लगा कि इतना कुछ करने के बाद कुछ नया पर्जेंट कर सकता हूं।

### दीपिका और आपका एक दूसरे की फिल्मों पर क्या रिएक्शन होता है?

मुझे तो उनका ओपिनियन बहुत मैटर करता है। वो बहुत ओनेस्टली बताती हैं। मेरी लाइफमें जो सर्कल है, वह स्मॉल सर्कल है। मेरे पैरेंट्स, मेरी फैमिली, मेरे फ्रेंड्स, मेरी टीम स्मॉल सर्कल है। लेकिन मैं उस सर्कल में हर शख्स पर बहुत विश्वास करता हूं।

वह हमारी रिलेशनशिप, फ्रेंड्स फैमिली अब दीपिका के साथ भी ऐसी है कि जो अच्छा लगा, वह बता देंगी कि अच्छा है, जो बुरा लगा, उसे भी बेझिक बता देंगी। ऐसा मेरे लिए एक एडवांटेज है कि वह एक बेहतरीन अभिनेत्री हैं और सिनेमा में उनका तर्जुबा इतना अच्छा है कि वे मुझे बता पाएं कि अच्छा-बुरा एडवाइज दे सकें, गाइडेंस दे सकें। वह मेरे लिए बहुत अच्छी बात है।

# कान महोत्सव में 'रॉकेट्री' का होगा वर्ल्ड प्रीमियर इसरो वैज्ञानिक के जीवन पर आधारित है फिल्म




कान फिल्म फेस्टिवल 2022 भारत के लिए कई मायनों में खास है। जहां देश की आजादी के 75 वें वर्ष के मौके पर हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। वही, भारत और फ्रांस के कूटनीतिक रिश्ते के भी 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जबकि कान फिल्म फेस्टिवल की भी यह 75वी वर्षगांठ है। इसके अलावा कान महोत्सव में हमारे देश की फिल्मों को जगह मिली ही है, साथ ही भारत इस बार कंट्री ऑफ ऑनर बनेगा। बता दें कि कान फिल्म फेस्टिवल के इतिहास में पहली बार कोई देश 'कंट्री ऑफ ऑनर' बनाया जा रहा है। कान फिल्म फेस्टिवल के दौरान कुल छह भारतीय भाषाओं की फिल्मों के माध्यम से दुनिया भारतीय सिनेमा की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत व संस्कृति से रूबरू होगी। इन्हीं में से एक है फिल्म 'रॉकेट्री -द नांबी इफेक्ट'! यह फिल्म (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) इसरो के पूर्व वैज्ञानिक और एयरोस्पेस इंजीनियर नांबी नारायण के जीवन पर आधारित है।

पेरिस में 17 मई से आयोजित होने जा रहे 75 वें कॉन्स फिल्म फेस्टिवल 2022 में 19 मई को फिल्म 'रॉकेट्री-द नांबी इफेक्ट' के माध्यम से पूरी दुनिया भारतीय वैज्ञानिक नांबी नारायण के जीवन से रूबरू होगी। पूर्व भारतीय वैज्ञानिक नांबी नारायण को देश को तकनीक से जोड़ने के अलावा गरीब बच्चों के शिक्षा पर काम करने के लिए भी जाना जाता है। फिल्म में अभिनेता आर माधवन मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आने वाले हैं। ऐसे में इस फिल्म का कान समारोह में शामिल होना उनके लिए भी बेहद गर्व और खुशी की बात है। फिल्म 'रॉकेट्री-द नांबी इफेक्ट' के अलावा कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय क्षेत्रीय भाषाओं की छह फिल्में भी प्रदर्शित की जाएंगी। इसमें मराठी में 'गोदावरी', हिंदी में 'अल्फा बीटा गामा', मिशिंग में 'बूम्बा राइड', हिंदी व मराठी में' धुई',मलयालम में 'ट्री फुल ऑफ पेरेंट्स 'शामिल है। खास बात यह है कि इसमें से हिंदी फिल्म 'अल्फा बीटा गामा' कोरोना काल के लॉकडाउन पर आधारित कहानी है। हमारे देश को कंट्री ऑफ ऑनर के रूप में आमंत्रित किया गया है, इसलिए कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय सूचना प्रसारण व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा किया जाएगा। जबकि कान फिल्म फेस्टिवल के मौके पर उनके साथ रेड कार्पेट पर भारत के 12 कलाकार भी शामिल होंगे। जिनमें अक्षय कुमार, एआर रहमान, लोक कलाकार मामे खान, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, मलयालम व तमिल अभिनेत्री नयनतारा, पूजा हेज, प्रसून जोशी, आर माधवन, संगीतकार रिकी केज, फिल्म मेकर शेखर कपूर, तमिल-तेलगू- हिंदी अभिनेता तमन्ना भाटिया और वाणी त्रिपाठी चलेंगे।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

हरे कृष्णा S.S.D हरे रामा
firstcare of Kids
Rajendra Choithramani
Mob. 9111830803
न्यू नन्हे उस्ताद
Kids Wear
Specialist of all Kinds of Kid's Wear, Cosmetics, Toys & Many More...
हमारे प्रतिष्ठान में अनुभवी कर्मचारियों की आवश्यकता है
पता : मढ़रिया कामप्लेक्स के सामने, आदर्श नगर, दुर्ग (छ.ग.)


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS XI[th] XII[th] B.COM CA/CS/CMA
Registration Open

KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

कलश ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषण के निर्माता एवं विक्रेता
हमारे यहां उचित ब्याज पर गिरवी रखी जाती है।
देवांगन होटल के बाजू में, मुक्तिधाम रोड, रामनगर, भिलाई, जिला-दुर्ग
9074621825


भोलू मोबाईल रिपेयरिंग एवं साफ्टवेयर
सभी प्रकार के मोबाईल रिपेयरिंग किया जाता है

(All IC Work)
मो. - 87199 99358
9131918132
शॉप नं.-148, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### रायपुर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने नगर निगम के साथ मिलकर बड़ी भूमिका निभाएंगे शहर एन.जी.ओ.

**रायपुर।** देश के स्वच्छतम शहर के रूप में रायपुर को पहचान दिलाने नगर निगम के साथ शहर के एन.जी.ओ. महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाएंगे। महापौर एजाज़ ढेबर ने स्वयं सेवी संगठनों की बैठक लेकर स्वच्छता विषयक प्रबंधों के संबंध में विस्तृत विचार विमर्श किया एवं सभी से कहा है कि मोहल्ले व वार्ड स्तर पर स्वच्छता संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों में अपनी भूमिका निभाए और उनके प्रयासों को नगर निगम अपना पूरा सहयोग देगा। बैठक में एम.आई.सी. सदस्य सुंदर जोगी, अपर आयुक्त सुनील चंद्रवंशी, उपायुक्त ए.के. हलदार, स्वास्थ्य अधिकारी विजय पांडेय सहित स्वच्छ भारत मिशन की पूरी टीम उपस्थित रही। नगर निगम के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में महापौर ढेबर ने इंदौर, चंडीगढ़ जैसे स्वच्छतम शहरों में किए गए प्रबंधों के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि व्यवहार परिवर्तन व स्वच्छता विषयक उपायों में एन.जी.ओ. की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने एन.जी.ओ. पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जन जागरूकता के लिए हर घर तक पहुंच सुनिश्चित करने सभी संगठन इस वर्ष शहर की स्वच्छता के सभी कार्यक्रमों को अपने प्राथमिकता में शामिल करें। उन्होंने सुझाव दिया कि एन.जी.ओ. वार्ड गोद लेकर सर्वश्रेष्ठ वार्ड के रूप में प्रतिष्ठित करने में अपनी ऊर्जा लगाए और इस कार्य में नगर निगम की पूरी टीम अपनी पूरी सहभागिता देगी।

### समाधान शिविर में बस्तर सांसद ने 198 वन अधिकार पट्टा का किया वितरण

**जगदलपुर।** जिले के विकासखंड तोकापाल के ग्राम पंचायत बड़ेमारेंगा में सभी शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं समाधान के लिए आयोजित समाधान शिविर में बस्तर सांसद दीपक बैज एवं ग्रामीण जिलाध्यक्ष बलराम मौर्य शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद दीपक बैज ने ग्राम पंचायत बड़ेमारेंगा में 198 हितग्राहियो को वन अधिकार पट्टा का वितरण किया साथ ही सभी विभागों का निरीक्षण किया एवं ग्रामीण क्षेत्र में गम्भीर बीमारी से ग्रसित बच्चों को उचित इलाज के लिए डॉक्टरों को दिशा-निर्देश दिया। सांसद बैज ने इस दौरान कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की जनता को उनकी समस्याओं का समाधान करना एवं शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करना है। इसके लिए हर विभाग के अधिकारी दुरुस्त रहे,हमारे मुख्यमंत्री स्वयं लोगो से भेंट मुलाकात कर गांव-गांव जाकर लोगों की समस्यायों का समाधान कर रहे हैं, किसी भी तरह की लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करी जाएगी।

# मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने प्लंबेक्स इंडिया प्रदर्शनी में भारत टैप पहल का शुभारंभ किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली। आवास और शहरी कार्य तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज नई दिल्ली में प्लम्बेक्स इंडिया प्रदर्शनी में भारत टैप पहल का शुभारंभ किया। यह प्रदर्शनी नल से संबंधी उपकरणों, पानी और स्वच्छता उद्योग से संबंधित उत्पादों और सेवाओं के प्रदर्शन के लिए आयोजित की गई है।**



पुरी ने कहा कि यह प्रदर्शनी राष्ट्र के विकास में जल और स्वच्छता की एक आधारभूत सेवा प्रदान करने में सहयोग करती है और पर्याप्त स्वच्छता के बिना कोई देश प्रगति या विकास नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह सेवाएं नागरिकों के लिए आवश्यक बुनियादी आवश्यकताओं के अनुसार अपेक्षित मूलभूत सेवाएं हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद भारत के सामाजिक विकास में एक आदर्श बदलाव आया है और स्वच्छता भारत के विकास की प्रमुख कुंजी है। उन्होंने न केवल खुले में शौच की समस्या से निपटने और स्वच्छता के प्रति व्यवहार में बदलाव लाने के लिए महत्वाकांक्षी स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की। पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत की 60 प्रतिशत शहरी आबादी के लिए सुरक्षित पानी और गंदे पानी की निकासी की प्रणाली प्रदान करने के लिए अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड ट्रांसफॉर्मेशन (अमृत) की भी अवधारणा तैयार की। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का देश में स्वच्छता की स्थिति पर जबरदस्त प्रभाव पड़ा है। पुरी ने कहा कि भारत, ग्रामीण क्षेत्रों में 38 प्रतिशत शौचालय से 100 प्रतिशत शौचालय कवरेज तक पहुंच गया है।

पुरी ने कहा कि इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में 73.32 लाख घरेलू और सामुदायिक शौचालयों का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन एक जन आंदोलन बन गया जिसने देश को सुरक्षित और उचित स्वच्छता के लिए प्रेरित किया है। स्वच्छता की यात्रा को सुविधाजनक बनाने में अमृत मिशन काफी महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि यह मिशन पानी की आपूर्ति और गंदे पानी की निकासी / नालों की सफाई के लिए प्रमुख आवंटन के साथ बुनियादी ढांचे के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

मंत्री महोदय ने कहा कि परिणाम असाधारण से कम नहीं है और 42,224 करोड़ रुपये की लागत से 1,336 जल आपूर्ति परियोजनाओं के माध्यम से 33,840 करोड़ रुपये लागत की 860 सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाएं पूरी कर, अमृत मिशन ने शहरी भारत में 127 लाख घरेलू नल कनेक्शन और 95 लाख सीवर कनेक्शन प्रदान किए हैं। इसी तरह, अमृत मिशन के अंतर्गत सीवरेज परियोजनाओं से एसटीपी की लगभग 6,000 एमएलडी उपचार क्षमता का विकास होने की आशा है, जिसमें लगभग 2,360 एमएलडी क्षमता पहले ही प्राप्त की जा चुकी है और लगभग 3,650 एमएलडी क्षमता की एसटीपी प्रगति पर है।

# बीएसपी के रावघाट सीएसआर द्वारा गोद लिए गए नर्सिंग के छात्राएं वनांचल में करना चाहती है सेवा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। रावघाट क्षेत्र के दूरदराज के गांवों की रहने वाली, जहां लड़कियों को स्कूल से आगे पढ़ने के लिए ज्यादा प्रोत्साहित नहीं किया जाता है, सेल-बीएसपी की सीएसआर पहलों की बदौलत इन क्षेत्र की बालिकाएं अपने सपनों को हकीकत में बदल रही है। प्रत्येक वर्ष भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा रावघाट क्षेत्र की बालिकाओं को नि:षुल्क नर्सिंग षिक्षा प्रदान करने हेतु गोद लिया जाता है। इस वर्ष बीएसपी द्वारा एक टेस्ट के बाद नि:षुल्क नर्सिंग षिक्षा देने हेतु 12वीं उत्तीर्ण 20 छात्राओं का चयन किया गया है जिन्हें अपोलो कॉलेज ऑफनर्सिंग, अंजोरा, दुर्ग और पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, भिलाई में षिक्षण प्रदान किया जा रहा है।**



अपोलो कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अंजोरा, दुर्ग के निदेशकों में शामिल श्री मनीष जैन ने बताया कि रावघाट क्षेत्र की बालिकाओं को 2016 से इस कॉलेज में प्रवेश देकर बीएसपी द्वारा नि:षुल्क नर्सिंग षिक्षा प्रदान किया जा रहा है। चूंकि ये छात्र वनांचल क्षेत्रों से संबंधित हैं, इसलिए वे शुरू में डरी हुए तथा शर्मीली होती हैं। वे धीरे-धीरे अन्य छात्रों के साथ घुल-मिल जाते हैं और एक वर्ष के भीतर बीएसपी की सीएसआर द्वारा गोद लिए गए इन छात्राओं और कॉलेज में सामान्य छात्रों के बीच अंतर नहीं रह जाता। उन्होंने कहा कि ये छात्र दूसरों के बराबर हैं और अच्छा प्रदर्षन कर षिक्षण प्राप्त कर रही हैं। अपोलो कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अंजोरा, दुर्ग के प्राचार्य श्री पी इमैनुएल ने कहा कि इन नर्सिंग छात्रों को सेल-बीएसपी के मुख्य चिकित्सालय जेएलएन अस्पताल और अनुसंधान केन्द्र में क्लीनिकल ट्रेनिंग दिया जाता है।

तालेबेड़ा, रावघाट की सुश्री शारदा ध्रुव जीएनएम की डिग्री हासिल की हैं। 12 वीं कक्षा पास करने के बाद नर्सिंग करने की संभावनाओं के बारे में उन्हें पता नहीं था, शारदा का कहना है कि हमारे कॉलेज के शिक्षक बहुत सहायक हैं। शिक्षाविदों का स्तर अच्छा है और उन्हें जेएलएन अस्पताल और अनुसंधान केन्द्र में क्लिनिकल पोस्टिंग का अनुभव भी मिलता है। उन्होंने सेल-बीएसपी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अब नर्सिंग में अपना करियर बना सकती हैं।

नारायणपुर के अंजरेल जिले की सुश्री सीमा उसेंडी अनाथ हैं। उन्हें उनके रिश्तेदारों द्वारा पाला गया, वह भाग्यशाली महसूस करती है कि उन्हें सेल-बीएसपी द्वारा गोद लिए जाने के बाद बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई करने का मौका मिला। सुश्री सीमा उसेंडी की उपलब्धि पर उनके रिश्तेदारों को गर्व है और वह अपने ग्रामीणों की सेवा करना चाहती है और अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद उन्हें साक्षर बनने में मदद करना चाहती है।

सुश्री रितु वड्डे रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर से अपनी षिक्षा पूरी की हैं। वह बताती हैं कि बचपन में उनके साथ कांच की गुड़िया की तरह व्यवहार किया जाता था। जब वह भिलाई में जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से मिलीं और उन्हें समझा तो उनका एक्सपोजर कई गुना बढ़ गया। मेरे पिता नर्सिंग का अध्ययन करने के लिए आर्थिक रूप से मजबूत नहीं थे। मुझे बीएसपी के सीएसआर विभाग के माध्यम से यह सुनहरा अवसर मिला है मै नर्सिंग में अध्ययन कर अपने गांव की प्रगति में मदद करने का लक्ष्य रखा है।

मंतासालेबार की सुश्री भावना डारो कहती हैं कि उनके पिता खुश थे कि उन्हें सेल-बीएसपी के सीएसआर विभाग द्वारा उच्च शिक्षा के लिए गोद लिया गया है। शुरू में, मैं अंग्रेजी माध्यम के कॉलेज में पढ़ने को लेकर आशंकित और डरी हुई थी। लेकिन यहां के शिक्षकों के सहयोग और स्पोकन इंग्लिश की कक्षाओं के कारण मेरी अंग्रेजी में सुधार आया। उसने कहा मैं वापस जाकर उन ग्रामीणों का इलाज करना चाहती हूं जो कहीं और इलाज का खर्च नहीं उठा सकते। वर्तमान में वह दुर्ग के यशोदा नंदन अस्पताल में नर्स के रूप में कार्यरत हैं। नारायणपुर के बिंजली गांव की जीएनएम तृतीय वर्ष की छात्रा सुश्री रीना दुग्गा को तब अच्छा लगा जब वह नर्सिंग की पढ़ाई के लिए अपोलो कॉलेज गईं। वह कहती हैं कि उन्हें बीएसपी के जेएलएन अस्पताल और अनुसंधान केन्द्र में क्लिनिकल पोस्टिंग के दौरान कई नई चीजें सीखने को मिली। नर्स बनने के बाद मैं गांव-गांव जाकर अपने लोगों की सेवा करना चाहती हूं। ये छात्र उन समुदायों से ताल्लुक रखते हैं जहां आम तौर पर कृषि से आजीविका अर्जित की जाती है और लड़कियों को उच्च शिक्षा के लिए घरों से बाहर नहीं भेजी जाती है।

# प्रभारी सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने आत्मानंद स्कूल का किया निरीक्षण

### निर्माणाधीन बिल्डिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। दुर्ग जिले के प्रभारी सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने आत्मानंद स्कूल राम चौक का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप निर्माण कार्य का अवलोकन किया। सचिव ने कहा कि स्कूल बिल्डिंग का निर्माणाधीन कार्य शीघ्र पूर्ण करें और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने आत्मानंद स्कूल के लिए निर्धारित स्ट्रेंथ की जानकारी ली। रामनगर मुक्तिधाम के समीप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लगे स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण प्रभारी सचिव ने किया।**

इस दौरान उन्होंने चिकित्सक एवं हितग्राहियों से भी बात की। शिविर के दिन का रूट प्लान की जानकारी मुनादी के माध्यम से वार्ड में सभी को देने के निर्देश दिए। उन्होंने दीदी क्लिनिक के स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं की स्वास्थ्यगत समस्या का बेहतर इलाज होना पाया। वहीं उन्होंने दवाई की उपलब्धता परखी और सभी दवाइयां पर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश दिए। इस दौरान निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे विशेष रूप से मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल की पहल से राम चौक में स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में दो मंजिला भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें लाइब्रेरी, प्रयोगशाला, प्रिंसिपल रूम, स्टाफरूम एवं 11 क्लास रूम तथा बालक और बालिका के लिए शौचालय की व्यवस्था होगी। एक करोड़ उन्चास लाख की लागत से बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है। भवन का पूरा स्ट्रक्चर खड़ा हो गया है, कुछ कार्य शेष हैं जिसे पूरा किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पुराने शाला भवन में सभी कमरों में टाइल्स, प्लास्टर, पुट्टी, पेंटिंग, विद्युतीकरण कराया जा चुका है। टॉयलेट, सेफ्टीक तथा पूर्व से बने कमरों का रिनोवेशन भी किया गया है, प्रथम तल पर सात कमरों का नया निर्माण किया गया है, इस प्रकार से 4 फेस के कार्य पूर्ण हो चुके हैं 1 फेस का काम प्रगति पर है, जिसे निगमायुक्त ने 30 मई तक पूर्ण करने कहा है। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, पूजा पिल्ले, अधीक्षण अभियंता बीके देवांगन, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े, सहायक अभियंता कुलदीप गुप्ता एवं अखिलेश चंद्राकर, तपन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# नर्स डे पर पार्षद दया सिंह ने किया सम्मानः उपहार देकर बोले-हमेशा योद्धा की तरह बचाते हैं जान

### शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र न्यू खुर्सीपार में किया गया आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नर्स डे पर न्यू खुर्सीपार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। भाजपा पार्षद दया सिंह ने यह प्रोग्राम आयोजित किया। न्यू खुर्सीपार वेलनेस सेंटर व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भाजपा पार्षद दया सिंह ने सभी नर्स को उपहार दिया।**





इस दौरान दया सिंह ने कहा, बीमार या रोगी के स्वास्थ्य के लिए एक डॉक्टर की भूमिका महत्वपूर्ण है लेकिन हेल्थ सेक्टर में डॉक्टर के साथ ही नर्स भी अहम रोल निभाती हैं।

कोरोना काल में डॉक्टर और नर्स कोरोना वॉरियर्स या योद्धा कहलाएं। उस दौरान डॉक्टरों से साथ ही नर्सेस ने दिन रात लोगों की सेवा की। दया सिंह ने कहा, उनकी इसी सेवाभाव को सम्मान देने के लिए सालों से हर साल मई में नर्स दिवस मनाया जाता है। 12 को मई अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। इस दिन को नर्सों के योगदान और सम्मान के प्रति समर्पित किया गया है। कोरोना काल में नर्स की भूमिका को लोगों ने समझ लिया लेकिन नर्स दिवस को मनाने की शुरुआत दशकों पहले हो चुकी है। दया ने कहा कि, कोरोनाकाल में योद्धा के तौर पर सभी नर्स और डॉक्टर ने काम किया है। वे सदैव योद्धा है। आगे भी योद्धा की तरह लोगों की सेवा करते रहेंगे। इस सम्मान के लिए सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी नर्स और डॉक्टरों ने आभार माना। इस दौरान न्यू खुर्सीपार शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं वेलनेस सेंटर की प्रभारी डॉ. सुनीता चौरसिया समेत अन्य मौजूद रहें।

अरिहंत इंटेरियर्स
वॉलपेपर, वुडन फ्लोरिंग, पीवीसी फ्लोरिंग
विंडोव ब्लाइंड्स, एक्रीलिक रेलिंग, आर्टिफिसियल ग्रास, पीवीसी पैनल, ग्लास फिल्म
शॉप नं.-23, नेहरू रोड, सुपेला, भिलाई, 9584400900

YOGESH COMPUTER Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame Mo-9893342971 7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing
Printer
Desktop
7/2, Dakshin Gangotri, Supela, Bhilai
0788-4083385

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

SAIRAM Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI, Oppo, Vivo, Nokia, HTC, Blue tooth Charger, Power Bank, Ear Phone, BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### मकान का ताला तोड़कर लाखों का माल ले उड़े चोर, शादी समारोह में गया था पूरा परिवार

**रायपुर ( ए )।** घर में ताला बंद कर दावत खाने गए राजधानी रायपुर के एक परिवार को चोरों ने बड़ा झटका दिया। सुनसान मकान का ताला तोड़कर चोर लाखों का माल ले उड़े। दरअसल, मामला भाठागांव स्थित दंतेश्वरी विहार का है। दंतेश्वरी विहार में रहे सतीश राजपूत अपने पूरे परिवार के साथ एक शादी समारोह में शामिल हुए गुढ़ियारी गए हुए थे। घर में ताला बंद था।मौके का फायदा उठाते हुए चोर ताला तोड़कर अंदर घुस गए। इसके बाद चोरों ने पूरे घर की तलाशी ली। आलमारी में रखे 70 हजार नगदी और लाखों के जेवरात लेकर फरार हो गए। पीड़ित सतीश राजपूत जब शादी समारोह से वापस घर लौटे तो मामले की जानकारी हुई। पीड़ित ने तुरंत इसकी सूचना टिकरापारा पुलिस थाना को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर का निरीक्षण किया। पुलिस ने घर के आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाला तो उसमें शातिर चोर नजर आए। पुलिस ने इस मामले में बताया कि पूरा परिवार घर में ताला लगाकर शादी समारोह में चला गया तो चोरों को अवसर मिल गया और उन्होंने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है और चोरों की तलाश में जुट गई है।

### होटल के बाथरूम में मिली युवक की लाश, प्रतियोगी परीक्षा देने आया था रायपुर, जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर ( ए )।** राजधानी रायपुर के एक होटल में एक युवक की लाश मिली है। पिछले तीन दिनों से युवक होटल में ठहरा हुआ था। होटल के कमरे में लाश मिलने की सूचना पुलिस को दे दी गई है। मौके पर पहुंची गंज थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। दरअसल, घटना गंज थाना इलाके की है। जानकारी के अनुसार गंज थाना इलाके में होटल सन में आज सुबह एक युवक की कमरा नंबर 126 में लाश बरामद की गई। मृतक का नाम झाम पटेल बताया जा रहा है, जोकि कवर्धा का रहने वाला है। जो रायपुर प्रतियोगी परीक्षा देने आया था। मृतक 9 मई को बिलासपुर से रायपुर आकर होटल सन में रुका हुआ था। जिसकी आज लाश बाथरूम में मिली है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### एवरग्रीन चौक पर युवती से लूटा मोबाइल

**रायपुर ( ए )।** रायपुर के गोल बाजार थाना क्षेत्र के एवरग्रीन चौक पर पैदल घर जा रही युवती का मोबाइल लुटेरे हाथ से छीनकर फरार हो गए। पीड़िता प्रियंका जगत ने पुलिस को बताया कि वह अर्जुन नगर में अपने परिवार के साथ रहती है और एवरग्रीन चौक स्थित दुकान में काम करती हैं। छह मई की रात को 10 बजे दुकान से अपने घर जा रही थीं। इस दौरान चौके के पास बाइक से पीछे से आए लुटेरे मोबाइल हाथ से छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के बाद जांच शुरू कर दी है।

### तीन दिन में 190 बदमाश भेजे गए जेल

**रायपुर ( ए )।** रायपुर शहर में अवैध हथियार रखकर लोगों के बीच दहशत फैलाने वाले बदमाशों पर एसपी के निर्देश पर पुलिस की कार्रवाई जारी है। तीन दिनों में 190 चाकूबाज, उत्पाती और गुंडा बदमाशों को जेल भेजा गया है। इसी क्रम में बुधवार को 60 आरोपितों को जेल भेजा गया। अब तक 63 चाकूबाजों व बदमाशों, 54 अवैध शराब विक्रेताओं व खुले स्थान में शराब बेचने वालों तथा 13 आरोपियों के विरुद्ध धारदार हथियार लेकर डराने वालों पर जुर्म दर्ज किया गया है।

### पानी के टैंकर ने बुजुर्ग को कुचला, मौत

**रायपुर ( ए )।** राजधानी के खमतराई इलाके में पानी टैंकर के चालक की लापरवाही की वजह से एक बुजुर्ग की जान चली गई। डेरापारा के पास टैंकर के चालक ने सामने से आ रहे 70 वर्षीय बुजुर्ग को ठोकर मार दिया। टैंकर में फंस जाने की वजह से बुजुर्ग को टैंकर कुछ दूर तक घसीटकर ले गया। घटनास्थल पर ही बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान राम किशोर निषाद निवासी अर्जुनी, भाठागांव बिलासपुर के रूप में हुई है। हादसे के बाद आरोपित टैंकर चालक फरार है।

# घर में घुसकर किसान की बेरहमी से हत्या, बिस्तर पर मिली लाश

### हत्यारे ने वजनी चीज से हमलाकर उतारा मौत के घाट

**रायपुर (ए)।** राजधानी से लगे मंदिरहसौद इलाके के पीपरहट्टा गांव में एक किसान का सिर कुचलकर उसकी हत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। चौंकाने वाली बात यह है कि जब वारदात हुई तो घर में स्वजन मौजूद थे। रात भर किसी को कुछ पता नहीं चला। सुबह मां चाय देने गई, तब बेटे की खून से लथपथ लाश देखी। स्वजनों की सूचना पर मंदिरहसौद थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में स्वजनों को ही शक के दायरे में लिया गया है।




मंदिरहसौद थाना प्रभारी वीरेंद्र चंद्रा ने बताया कि ग्राम पीपरहट्टा निवासी 50 वर्षीय दिनेश ठाकुर बड़े भाई-भाभी और बूढ़ी मां के साथ रहता था। वह खेती-किसानी करता था। बुधवार की रात खाना खाने के बाद दिनेश अपने कमरे में चला गया। गुरुवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे मां चाय देने के लिए दिनेश के कमरे में गई। वहां पर उसने दिनेश का खून से लथपथ शव देकर बड़े बेटे को बुलाया। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया। दिनेश के दो बच्चे हैं। पुलिस ने बताया कि वर्ष-2016 में एक सरकारी विभाग में क्लर्क के पद पर कार्यरत पत्नी से उसका तलाक हो चुका था। पत्नी अपने बच्चों के साथ भाठागांव स्थित मायके में रहती है। उसका गांव में आना-जाना नहीं है। पुलिस इस मामले में स्वजनों से पूछताछ कर रही है।

#### गहरी नींद में हमला

पुलिस का कहना है कि दिनेश की लाश देखने पर पता चलता है कि किसी भारी चीज से सिर कुचलकर हत्या की गई है। चेहरा पूरी तरह से बिगड़ गया है। वजनी पत्थर या लोहे के किसी हथियार से मारे जाने पर सिर फट गया और खून बह जाने से मौत हो गई। जब दिनेश पर हमला हुआ, तब वह गहरी नींद में था, जिससे खुद को बचाने का प्रयास भी नहीं कर सका। गांव के लोगों से पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि दिनेश का उसके बड़े भाई राजेश ठाकुर और भाभी से घरेलू विवाद चल रहा था। दोनों को शक के दायरे में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

### वीआईपी रोड में लुटेरों ने लड़की को मारी गोली

# सहेली का जन्मदिन मनाने गई थी लौटते समय हुआ हमला, पुलिस बता रही एयरगन, परिजन कह रहे पिस्टल

**रायपुर ( ए )।** वीआईपी रोड में गुरुवार की रात करीब साढे दस बजे गोली चली। तीन अज्ञात लोगों ने अपनी सहेली का जन्मदिन मनाकर लौट रही एक युवती को गोली मार दी। गोली उसके हाथ की सबसे छोटी उंगली को छेदकर निकल गई। लुटेरों ने युवती का मोबाइल और मोपेड भी लूट लिया। हालांकि कुछ दूर बाद आरोपी मोपेड को वहीं छोड़कर भाग निकले।

पुलिस मौके पर पहुंच गई। आरोपियों की तलाश की जा रही है। महावीर नगर की ऋतिका इसरानी अपनी सहेली पूजा का जन्मदिन मनाने के लिए वीआईपी रोड स्थित होटल फिल इन द ब्लैंक पहुंची थी। बर्थडे मनाने के बाद ऋतिका, पूजा और उसकी एक सहेली फरीन होटल के बाहर बात कर रहे थे कि उसी समय तीन अज्ञात लोग पहुंचे और उन्होंने ऋतिका का मोबाइल लूटने की कोशिश की। विरोध करने पर उनमें से एक लुटेरे ने पिस्टल निकालकर गोली चला दी। गोली चलते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। गोली ऋतिका के दाहीने हाथ की छोटी उंगली को भेदकर निकल गई। उसके बाएं हाथ की बांह में भी चोटें आई हैं। गोली चलने के बाद बाकी चीख-पुकार मच गई। पूजा और फरीन के शोर मचाने पर आरोपी उनकी मोपेड लेकर भाग निकले, लेकिन उन्होंने कुछ दूर जाने के बाद गाड़ी वहीं छोड़ दी।



#### पुलिस कहती रही एयरगन, परिजन बोले पिस्टल

ऋतिका के चाचा नरेश इसरानी ने बताया कि घटना के बाद वे ऋतिका को एक प्राइवेट हास्पिटल में ले गए। वहां उसका इलाज किया जा रहा है। इस मामले में पुलिस गोली चलने से इंकार कर रही है। तेलीबांधा पुलिस का कहना है कि गोली किसी एयरगन से चली हो सकती है।

ऋतिका के चाचा ने कहा कि हम जांच कराने की मांग कर रहे हैं। बिना जांच किए यह कैसे कहा जा सकता है कि गोली एयरगन की है। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि गोली किसी पिस्टल से चली है या एयरगन से। इस मामले में सिविल लाइंस सीएसपी वीरेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# पारले किसमी टॉफी परीक्षण में निकली अमानक कंपनी पर लगाया 6.40 लाख का जुर्माना

**बेमेतरा (ए)।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के अपर कलेक्टर डॉ. एके बाजपेयी ने पारले बिस्कुट कंपनी इंदौर/मुंबई पर अमानक खाद्य पदार्थों का उत्पादन, वितरण व विक्रय करने के कारण खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम के तहत छह लाख 40 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। दरअसल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने नरेंद्र देवांगन, फर्म महाजन किराना स्टोर्स बेरला की दुकान से पारले बिस्कुट कंपनी द्वारा उत्पादित पारले किसमी असोर्टेड टॉफी का सैंपल लिया था। उसे परीक्षण के लिए इंदौर भेजा था, जहां से उसे अमानक घोषित कर दिया गया। इस पर अपर कलेक्टर ने अर्थदंड लगाया है।



सैंपल अमानक होने के बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने एडीएम व न्याय निर्णयन अधिकारी बेमेतरा के समक्ष खाद्य सामग्री का उत्पादन, वितरण व विक्रय करने वाले आरोपित नरेंद्र देवांगन, सुजित राउत, जाबिर अली, रामसिंग व एस. वसंत मुरली के विरूद्ध प्रकरण प्रस्तुत किया था। जिसके बाद एडीएम न्यायालय में सुनवाई उपरांत आरोपितों को अमानक खाद्य पदार्थ के उत्पादन, वितरण व विक्रय को दोषी मानते हुए आरोपितों पर छह लाख 40 हजार का अर्थदंड लगाया।

एडीएम ने अपने निर्णय में लिखा है कि पारले बिस्कुट कंपनी एक प्रतिष्ठित व्यवसायिक कंपनी व माना हुआ ब्रांड है, जिसका देशव्यापी विस्तृत व्यवसायिक क्षेत्र है, ऐसी कंपनी से अमानक खाद्य पदार्थ के उत्पादन की अपेक्षा नहीं की जा सकती और कंपनी का यह कृत्य जन स्वास्थ्य व सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है।

#### इन पर लगा जुर्माना

पारले किसमी असोर्टेड टॉफी बेचने वाले आरोपित नरेंद्र देवांगन निवासी बेरला पर 20 हजार रुपये, जय मातादी ट्रेडर्स अहिवारा, नंदिनी के संचालक सुजित राउत पर 20 हजार रुपये, वासु लाजिस्टीक लि. रायपुर के संचालक जाबिर अली पर एक लाख रुपये, पारले बिस्कुट इंदौर के संचालक रामसिंग पर दो लाख 50 हजार रुपये तथा पारले बिस्कुट मुंबई के संचालक एस. वसंत मुरली पर दो लाख 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### विवाद होने पर ट्रक में लगाई आग

# सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार



**बिलासपुर ( ए )।** सड़क किनारे ट्रक खड़ा करने पर कार सवार दो लोगों ने विवाद किया और ड्राइवर को जान से मारने की धमकी देते हुए ट्रक में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कोटा थाना क्षेत्र के तहत करगीरोड निवासी संतोष कुमार गुप्ता पिता स्व.मोतीलाल (60) ट्रांसपोर्टर है। उनके ट्रक को बुधवार दोपहर ड्राइवर अशोक मानिकपुरी रेलवे स्टेशन की ओर माल अनलोड करने ले गया था। ट्रक को आनंद धर्मकांटा के पास वजन कराने के लिए खड़ा कर मालिक को पैसा देने चला गया। दोपहर करीब 3 बजे कार सवार दो युवक आए। उन्होंने ट्रक को खड़ा करने पर विवाद शुरू कर दिया। दोनों युवक वहां से चले गए। दोपहर 3.30 बजे दोनों दोबारा आए ट्रक के केबिन में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। ट्रक इससे जल उठा।

# लोहड़ीपुर से चोरी की बाइक जब्त, 2 युवक हुए गिरफ्तार




**महामसुंद ( ए )।** चोरी की बाइक के साथ भंवरपुर पुलिस ने दो युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने 10 मई को गांव के अटल चौक के पास खड़ी बाइक को चोरी किया था। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने बाइक को ग्राम लोहड़ीपुर में छुपाकर रखा था। पूछताछ के बाद आरोपी के निशानदेही पर बाइक को बरामद किया गया।

भंवरपुर चौकी प्रभारी स्वराज त्रिपाठी ने बताया कि बाइक चोरी के आरोप में ग्राम लोहड़ीपुर निवासी सोनू राम टंडन पिता रोशनलाल (26) व मुड़ीडीह निवासी गंगाराम उर्फ गाड़ा सेन पिता हीरालाल सेन (36) को गिरफ्तार किया है। इन दोनों ने 10 मई को अटल चौक के पास खड़ी बाइक को चोरी कर लिया था। उन्होंने बताया कि ग्राम हरिलछापर निवासी गजेन्द्र सिंह कश्यप अपने दोस्त जगन्नाथ विशाल की बाइक प्लेटिना क्रमांक सीजी 06 डी 2201 को लेकर काम से भंवरपुर आया था। वह बाइक को शंकर सैलून के सामने खड़ी कर मार्केट गया था। सामान खरीदकर जब वापस आया तो बाइक वहां पर नहीं थी।

आसपास पतासाजी के बाद जब बाइक नहीं मिली तो प्रार्थी ने चोरी होने की रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई। टीम पतासाजी के लिए जब गांव पहुंची तो मुखबिर से सूचना मिली कि लोहड़ीपुर के सोनू राम अपने घर चोरी की बाइक को छुपाकर रखा है। सूचना पर टीम ने आरोपी को हिरासत में लिया।

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875
99938-08453
75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी बियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

मिस एंड मिसेस
लेडिस वेयर
• गाऊन • ब्रा. पेन्टी • नाईटी • ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey | AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### निगम भिलाई ने टीकाकरण के लिए जारी किया शेड्यूल

**भिलाई।** शहर को कोरोना मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम क्षेत्र में वैक्सीन लगाने की मुहिम चलाई जा रही है। महापौर नीरज पाल के निर्देश पर विभिन्न वार्डों व स्वास्थ्य केंद्रों में वैक्सीन टीका लगाए जा रहे हैं। 13 मई को जोन 5 अंतर्गत वार्ड 61 में दुर्गा मंच एचएससीएल कॉलोनी, वार्ड 62 में शासकीय उमा विद्यालय सेक्टर 6, वार्ड 63 में उत्कल संस्थान सेक्टर 6, वार्ड 64 में नगर सेवा विभाग टीए बिल्डिंग, वार्ड 65 गुड़िचा मंच एवेन्यू, सतविजय ऑडिटोरियम सेक्टर 5 व हनुमान मंदिर के पीछे सड़क 18 सेक्टर 7, सहित पीएचसी जुनवानी खम्हरिया, यूपीएचसी कोसा नगर के पीछे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शास्त्री हॉस्पीटल सुपेला, पीएचसी वैशाली नगर, एसएचसी कुरूद, शहरी स्वास्थ्य केंद्र बैकुंठधाम, यूपीएचसी छावनी, पीएचसी खुर्सीपार व पीएचसी बापू नगर में 12-14 वर्ष, 18-100 वर्ष के लोगों को कोरोना वैक्सीन के प्रथम व सेकेंड डोज व 60 से पार लोगों को बूस्टर डोज लगाए जाएंगे।

### स्वच्छता के प्रति जागरूक करने जोनवार प्रतियोगिता का आयोजन

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की टीम द्वारा पूरे शहर के विभिन्न वार्डों /स्कूलों तथा चौक- चौराहों में रैली और घर-घर संपर्क तथा बच्चों में जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं। डे- एनयूएलएम टीम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में स्व सहायता समूहों का गठन किया गया है आज स्वच्छता हेतु जागरूकता का प्रचार- प्रसार करने में इन समूह की महिलाओं ने हर संभव प्रयास किया है । शहर के विभिन्न वार्डों में चित्रकारी व रंगोली प्रतियोगिता के बाद अब एनयूएलएल की टीम जोन वार कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। शहर विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल के मार्गदर्शन में तथा नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर डे- एन यू एल एम टीम ने आज जोन क्रमांक 3 के कुशाभाऊ ठाकरे भवन (आदित्य नगर ) में रंगोली के साथ चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया। चित्रकारी में 100 से अधिक बच्चों ने शहर को स्वच्छता का संदेश देने प्रतियोगिता में भाग लिया। सहायता समूह की महिलाओं ने रंगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया स्वच्छता को लेकर आकर्षक रंगोली बनाई।

20 लाख से होगा वार्ड 6 की प्रमुख सड़क का डामरीकरण

# जर्जर हो चुकी डामर सड़कों के लिए 3 करोड़ से हो रहे कार्य : अरुण वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर निगम सीमान्तर्गत आज शहर के वार्ड नंबर 6 इमली झाड़ से लेकर गोपाल मंदिर होते हुए अग्रवाल धर्मशाला से गिरीश शर्मा के मकान तक का जल्द ही सड़क डामरीकरण का कार्य पूरा होगा। करीब 19.84 लाख रुपए की लागत से होने वाले निर्माण का विधायक विधायक अरुण वोरा ने महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव,छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष आर. एन. वर्मा,अब्दुल गनी,संजय कोहले व नागरिको के उपस्थिति में भूमिपूजन किया। इस मौके पर वार्ड वासियों ने विधायक वोरा एवं महापौर व सभापति को साधुवाद देते हुए स्वागत किया।



वार्ड 6 में लंबे समय से वार्ड के नागरिक सड़क डामरीकरण निर्माण एवं नवीनीकरण कार्य की मांग कर रहे थे। वार्ड वासियों की समस्या को देखते हुए विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने एमआईसी सदस्य व पार्षदों के साथ पहुंचकर सड़क डामरीकरण निर्माण कार्य के लिए विधि विधान से भूमि पूजन किया। विधायक वोरा ने बताया कि लंबे समय से वार्ड नंबर 06 के भीतरी भाग में सड़क डामरीकरण निर्माण कार्य की मांग कर रहे थे। उन्होंने बताया कि शासन से कई अंदरूनी सड़कों के डामरीकरण एवं उन्नयन हेतु 3 करोड़ की स्वीकृति लाई गई है जिसके अंतर्गत लगातार भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ करें जा रहे हैं। उसी कड़ी में 19.84 लाख रुपए की लागत से जनभावनाओं के अनुरूप बहुप्रतीक्षित सड़क बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कार्य जल्द पूर्ण कराकर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। शहर के नागरिको को बिजली,पानी,सड़क नाली की व्यवस्था के लिए राशि की कोई कमी नही होगी नागरिको को मूलभूत सुविधा मिलेगी। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि वरिष्ठ विधायक अरुण वोरा जी की पहल पर राज्य शासन द्वारा 3 करोड़ की राशि से शहर के हर एक वार्ड के लिए वार्डो में खराब हुई सड़कों के नवीनीकरण हेतु प्राप्त हुए हैं जिससे वार्डो में सड़क डामरीकरण कार्य कराया जा रहा है।

इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष गया जी पटेल,पार्षद राजकुमार नारायणी, अमित देवांगन,बिजेंद्र भारद्वाज,एल्डरमेन श्रीमती रत्ना नारमदेव,मनीष यादव, अजय गुप्ता,कृष्णा देवांगन,देव सिन्हा, ब्लाक अध्यक्ष अलताप अहमद,विजेयन्त पटेल, ब्लाक अध्यक्ष अजय मिश्रा विकास यादव,कार्यपालन अभियंता आर.के.पांडेय,उपअभियंता स्वेता महलवार के अलावा वार्ड नागगरिक मौजूद थे। राज्य शासन की महती योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देश पर नगर निगम द्वारा सभी 60 वार्डों में जनसमस्या समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। गुरुवार को वार्ड क्रमांक 9, 10 एवं 11 के नागरिकों के लिए शिविर लगाया गया था जहां निरीक्षण में पहुंचे विधायक वोरा ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सबसे ज्यादा शिकायत पट्टा वितरण एवं पुराने पट्टों के नवीनीकरण की प्राप्त हो रही है ।

# महिलाओं के लिए संयंत्र स्तरीय ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में महिला कार्मिकों के लिए भारत की आजादी में महिलाओं का योगदान विषय पर संपन्न संयंत्र स्तरीय ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 10 मई, 2022 को इस्पात भवन स्थित द्वितीय तल सभागार में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र की महाप्रबंधक (कार्मिक-संकार्य), सुश्री शीजा पी मैथ्यू उपस्थित थी।

समारोह में प्रतियोगिता की निर्णायकगण सुश्री पुष्पा एम्ब्रोस, महाप्रबंधक (विभागीय सुरक्षा अधिकारी), एसएमएस-3, सुश्री अनुपमा कुमारी, महाप्रबंधक (विद्युत), वायर रॉड मिल एवं सुश्री अनुराधा सिंह, महाप्रबंधक तथा विजयी महिला प्रतिभागीगण उपस्थित थी। मुख्य अतिथि का स्वागत उप महाप्रबंधक (संपर्क व प्रशासन एवं प्रभारी राजभाषा) श्री सौमिक डे ने किताब भेंट कर किया। निर्णायकगणों के स्वागत के उपरान्त जितेन्द्र दास मानिकपुरी, सहायक प्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन-राजभाषा) ने प्रतियोगिता की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की।

मुख्य अतिथि की आसंदी से सुश्री शीजा पी मैथ्यू, महाप्रबंधक (कार्मिक-संकार्य) ने प्रतियोगिता के विजेतागण को बधाइयाँ दीं व उनकी प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि, आप सभी ने अपने कार्यक्षेत्र की अपार व्यस्तताओं, घर-परिवार के दायित्वों के बावजूद इस प्रतियोगिता के लिए तैयारी कर भाग लिया, विजेता बनीं, आप सब निस्संदेह विशिष्ट हैं। उन्होंने निर्णायकगण की सराहना करते हुए कहा कि आपने मूल्यांकन व निर्णय देने का बहुत ही चुनौतीपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया, जो कि अत्यंत दायित्वपूर्ण व श्रमसाध्य कार्य है, किसी भी प्रतियोगिता में निर्णायकगणों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। जब भारत पराधीन था, तब पुरुषों ने तो प्रत्यक्ष लड़ाई लड़ी ही, महिलाओं ने भी उनका कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया।

# भगवान को जानने के लिये एक गुरु का होना बहुत जरूरी - गोपिकेश्वरी देवी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। दुर्गा मंदिर परिसर एचएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा में चल रहे दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन के छठवें दिन सुप्रसिद्ध भागवत प्रवचनकर्ता गोपिकेश्वरी देवी ने संसार के स्वरूप पर विचार करने के बाद प्रवचन श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए बताया कि भगवान को जानने के लिये एक गुरु का होना बहुत जरूरी है।**

और वो गुरु कैसा होना चाहिए इसके विषय में भी बताया गया कि संतों में दो बातों का होना बहुत जरूरी है एक वो समस्त शास्त्रों-वेदों का ज्ञान रखता हो और उसे भगवान मिल चुके हों। लेकिन फिर ये प्रश्न आया कि किसको भगवान मिले हैं ये हम कैसे जानेंगे? क्योंकि इतिहास में पाया गया कि संत सब गड़बड़ व्यवहार करते हैं, ऐसे में संत को कैसे पहचानें?

और वर्तमान में जहाँ पाखण्ड ही पाखण्ड है, ऐसे में वास्तविक संत कौन है? जीव कैसे जानेगा? फिर मनुष्य तो दैविक गुणों में दिन-प्रतिदिन गिरता जा रहा है, कलियुग का ग्रास बनता जा रहा है, भौतिकवादी होता जा रहा है, उसके पास बुद्धि ही नहीं है संत को समझने की, जायेगा भी संतों के पास तो नामापराध करेगा और नरकगामी बन जायेगा। ऐसे में किसको गुरु माने जीव? जीवन भी बहुत छोटा है,कहाँ खोजे वास्तविक संत को? ये सब आगामी प्रवचन में बताया जायेगा। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

राशनकार्ड, पेंशन से लेकर गुमास्ता और आधार कार्ड में संशोधन मौके पर ही करेंगे अधिकारी

# 'निदान 40 आज से' अधिकारी कर्मचारियों की छुट्टी निरस्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। छोटी-छोटी समस्याओं के लिए हितग्राहियों को तेज धूप मेंलंबी दूरी तय कर निगम कार्यालय पहुंचने से छुटकारा मिलेगा। रिसाली नगर पालिक निगम के आयुक्त आशीष देवांगन के निर्देश पर वार्ड स्तर पर जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन शुक्रवार से किया जा रहा है।**



इस शिविर का मुख्य उद्देश्य रिसाली निगम के 40 वार्डो की समस्याओं का शीघ्रता से निराकरण करना है। यही वजह है कि इस कार्यक्रम का नाम 'निदान-40' रखा गया है।

शिविर का उद्घाटन निगम महापौर शशि अशोक सिन्हा व सभापति केशव बंछोर करेंगे। आयुक्त आशीष देवांगन ने बताया कि नए राशन कार्ड बनाना, राशन कार्ड में संसोधन, पेंशन प्रकरण, बीपीएल प्रमाण पत्र, सफाई व्यवस्था, मामूली मरम्मत कार्य के अलावा नल संधारण व पेयजल संधारण समेत आधार कार्ड में नाम, पता, मोबाइल नं. जोड़ने का कार्य मौके पर किया जाएगा। वहीं बड़े बजट के कार्यों को स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा।

### पुरैना के मंगल भवन में लगेगा शिविर

शिविर के माध्यम से आवेदन लेकर समस्या का निराकरण किया जाएगा। शिविर का लाभ अधिक से अधिक मिल सके इसके लिए 2 से 3 वार्ड के मध्य स्थान चयनित कर शिविर लगाया जा रहा है। आयुक्त ने इसके लिए सभी विभाग प्रमुख व संबंधित शाखा के लिपिक को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने निर्देश दिए है।

### अवकाश निरस्त

शिविर को सफल बनाने और अधिकारी-कर्मचारी की उपस्थिति को अनिवार्य करते हुए निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने स्वीकृत अवकाश को निरस्त कर दिया है। उन्होंने निर्देश दिए है कि शासकीय अवकाश का लाभ केवल अधिकारियों व कर्मचारियों को मिलेगा। 6 जून तक किसी भी तरह के अवकाश स्वीकृत नही किए जाऐंगे।

# कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने तहसील कार्यालय व जनसमस्या निवारण शिविरों का किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने भिलाई तहसील कार्यालय सहित जोन 3 के वार्ड 31 मदर टेरेसा नगर में गुरूद्वारा के पीछे सामुदायिक भवन और जोन 4 के चंद्रशेखर आजाद नगर वार्ड 39 के सुभाष नगर सामुदायिक भवन में लगे जनसमस्या निवारण शिविर का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, जोन 3 आयुक्त येशा लहरे, जोन 4 आयुक्त अमिताभ शर्मा, जोन स्वास्थ्य प्रभारी द्वय महेश पांडे व सुदामा परगनिहा मौजूद थे। इस दौरान



कलेक्टर डॉ. भुरे ने तहसील कार्यालय का भी निरीक्षण किया और सीमांकन, राजस्व मामलों से संबंधित व पेंडिग कार्य के जल्द निपटान करने के निर्देश तहसीलदार क्षमा को दिए। जनसमस्या निवारण शिविरों में शिकायतों के निराकरण के लिए दिए गए आवेदनों का अवलोकन किया। उन्होंने निगम आयुक्त व जोन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का शीघ्रता से निराकरण कराया जाए, ताकि नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भटकना न पड़े। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल के निर्देशों का पालन करते हुए सभी वार्डों में शिविर लगाए जा रहे हैं। आयुक्त प्रकाश सर्वे के दिशा-निर्देशन में आज जोन एक के वार्ड 3 मॉडल टाउन के पंचमुखी गार्डन सांस्कृतिक भवन, जोन 2 के वार्ड 16 सुपेला में सामुदायिक भवन दुबे पशु आहार के पास भी शिविर लगाए गए, जहां वार्ड के लोग अपनी समस्या का निवारण करने के लिए पहुंचे थे। आज जोन 1 नेहरू नगर में 151, जोन 2 वैशाली नगर में 27, जोन 3 मदर टेरेसा नगर में 19, जोन 4 शिवाजी नगर में 7 व जोन 5 सेक्टर 6 में 13 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें पीएम आवास के 1, सामाजिक सहायता पेंशन के 4, राशन कार्ड के 20, सीमेंट सड़क 6, नाली निर्माण 19, जल प्रदाय 22, प्रकाश व्यवस्था 3, भवन निर्माण 1, आबादी पटटा 122, अतिक्रमण हटाने 1, सफाई कार्य 13 व अन्य के 4 को मिलाकर कुल 217 आवेदन प्राप्त हुए। यहां राशन कार्डो का तुरंत ऑनलाइन निराकरण किया गया।

# महापौर बाकलीवाल बने मितान: हितग्राहियों को प्रमाण पत्र देने के लिए उनके निवास पहुंचे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। नगर पालिक निगम के महापौर धीरज बाकलीवाल मितान बनकर तपती दोपहरी में बाइक से स्वास्थ्य अधिकारी गिरीश दिवान,नोडल अधिकारी जावेद अली,मुख्यमंत्री मितान विजय देशमुख व अखिलेश गौस्वामी के साथ आज हितग्राहियों को प्रमाण पत्र देने के लिए उनके निवास स्थल पर पहुंचे।**



महापौर धीरज बाकलीवाल ने प्रियांशु शर्मा ,पिता-सूरज कुमार शर्मा,गया नगर ,वार्ड नं 5 को स्थानीय प्रमाण पत्र और कुमारी पाखी जैन,पिता पंकज जैन,माता खुशबू जैन गंज पारा वार्ड 36 को जन्म प्रमाण पत्र अपने हाथों से हितग्राहियों को प्रदान किया। महापौर धीरज बाकलीवाल ने इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत कॉल सेंटर 14545 में संपर्क करने से घर बैठे प्रमाण पत्र मिल रहा है इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं एवं इसे अन्य लोगों तक भी पहुंचाएं ताकि जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके। हितग्राहियों ने महापौर धीरज बाकलीवाल को बताया कि हमें विश्वास नहीं हो है कि इस योजना से कुछ ही घंटों में घर पर ही प्रमाण पत्र मिल जाएगा,ऐसी ही योजना की आवश्यकता थी, जिससे दुर्ग नगर पालिक निगम दफ्तर जाने में अक्षम लोगों को इसका समुचित लाभ मिलेगा। हितग्राहियों ने बताया कि ऐसी सेवाओं की जरूरत थी ताकि दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर काटने से मुक्ति मिल जाए, इसके लिए हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का योजना को लागू करने के लिए ह्दय धन्यवाद दिया।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रारंभ की गयी मुख्यमंत्री मितान योजना दुर्ग निगम क्षेत्र में शुरू हो गई। जिसके तहत दो मितान नियुक्त किए जा चुके हैं जिसमें योजना के तहत महज चंद घंटों में प्रमाण पत्र लोग प्राप्त कर रहे है।

जिसमें सर्व प्रथम मितानो के द्वारा जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र सहित 13 प्रकार के प्रमाण पत्र घर जाकर प्रदान किये जा रहे है गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेशबघेल ने 01/05/2022 से प्रदेश के सभी 14 निगमों में मुख्यमंत्री मितान योजना प्रारंभ की है।जिसमें कुल 13 प्रकार के प्रमाण पत्र महज कुछ ही समय में घर बैठे प्राप्त किये जा सकेगे। जैसे आय प्रमाण पत्र, निवासी प्रमाण पत्र, एस सी-एस टी. जाति प्रमाण पत्र, ओ.बी.सी. जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र एवं सुधार, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं सुधार, विवाह प्रमाण पत्र दुकान और स्थापना पंजीयन, नान डिजिटाइज्ड नकल, भूमि सूचना प्रमाण पत्र, इस सभी सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक जनों को टोल फ्री नंबर 14545 नम्बर पर केवल एक बार कॉल करना है।

जिसके पश्चात मितान द्वारा घर पहुंचकर वांछित दस्तावेज प्राप्त किये जाने के बाद शीघ्र प्रमाण पत्र घर पहुंचाकर प्रदान किया जायेगा। इस योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारी व कर्मचारी को दिशा निर्देश जारी किये गए है। दुर्ग नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने क्षेत्र के निवासियों से मुख्यमंत्री मितान योजना का लाभ प्राप्त करने की अपील की है। मुख्यमंत्री मितान योजना के माध्यम से सरकारी दफ्तर में बार-बार जाने की आवश्यकता नही पड़ेगी।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950